
मंच पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ पार्टी नेता और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार


माला पहना कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी।


पेड़ के नीचे बैठीं ग्रामीण महिलाएं। अमृत विचार

# लाभार्थी वर्ग को रिझाने की कोशिश में रहे जेपी नड्डा

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा, केंद्र की योजनाओं को गिनाने में ही लगाया ज्यादातर समय

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को बेड़ी पुलिया के पास पार्टी प्रत्याशी और सांसद आरके सिंह पटेल के समर्थन में हुई जनसभा में अपने भाषण का ज्यादातर समय केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान करने में लगाया। ऐसा करते समय निश्चित रूप से उनके मन में भाजपा का वह लाभार्थी वह रहा होगा, जो अब पार्टी का निश्चित वोटबैंक बन चुका है। उन्होंने अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री योगी का नाम बमुश्किल एकाध बार ही लिया।

राज्य से ज्यादा केंद्र की योजनाओं की बेहतरी के बारे में नड्डा बताते रहे। इसकी शायद एक वजह यह भी रही कि चुनाव लोकसभा का है। उन्होंने कुछ ही समय बुंदेलखंड के विकास पर बोला पर ज्यादातर आयुष्मान भारत, निशुल्क आवास आदि के बारे में बताते रहे।

उन्होंने कहा कि आज भारत दवा का एक्सपोर्ट करने वाला दूसरा देश बन गया। आज मोबाइल में मेड इन इंडिया लिखा होता है। 80 करोड़ की जनता को पांच किलो गेहूं या पांच किलो चावल और दो किलो अनाज दिया जा रहा है। इससे 25 करोड़ लोग


संबोधित करते जेपी नड्डा। अमृत विचार

गरीबी की रेखा से बाहर निकल आए हैं, यह बदलता भारत है। जब उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अगले पांच साल तक चलती रहेगी, तो जमकर तालियां बजीं।

उन्होंने आरके पटेल की ओर इशारा करते हुए कहा, ये पटेल जी तीन तीन बार एमएलए रहे हैं, दो बार सांसद रहे हैं, पूछो इनसे हम लोग, मैं 1993 में एमएलए बन गया था, पटेल जी आप बताइएगा सच बोल रहा हूं कि नहीं, हम लोगों को साल भर में एक पंचायत में इंदिरा आवास योजना में दो मकान मिलते थे, वह भी बनते नहीं थे। बताया कि केन बेतवा परियोजना से किसानों की तकदीर बदलेगी। इसके लिए मोदी ने 44 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी सहित बांदा और चित्रकूट के जनप्रतिनिधि और पार्टी के नेता मौजूद रहे।

आज प्रधानमंत्री आवास योजना में चार करोड़ मकान बन गए, चार करोड़। पक्के मकान, मकान में ड्राइंगरूम, बेडरूम, टायलेट, किचन, किचन में गैस का सिलेंडर, कोर्टयार्ड। अब प्रधानमंत्री ने तय किया है कि बिजली का बिल जीरो कर दिया जाएगा और हर घर में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा। घर में बिजली मुफ्त हो जाएगी। जो बचेगी उसे सरकार खरीद लेगी और आपका आमदनी का जरिया बन जाएगा। गैस का सिलेंडर नहीं आएगा, सस्ती गैस पाइप के जरिए पहुंचेगी।

यह योजना जाति के नाम पर नहीं है। रिक्शावाला, ठेलाव, रेड़ी बस चालक परिचालक ट्रक लिफ्ट मैन, वेटर कूड़ेदान से प्लास्टिक इकट्ठे करने वालों को मोदी ने गंभीर बीमारी से लड़ने का साल भर का पांच लाख का हेल्थ कवर दिया। जिनकी उम्र 70 साल से अधिक हो गई है, उनको आयुष्मान भारत में पांच लाख का आयुष्मान कार्ड देंगे। कुल मिलाकर ज्यादातर समय में नड्डा ने उस वर्ग को खुश करने, प्रभावित करने की कोशिश की जो लाभार्थी वर्ग कहा जाने लगा है।

### भारत माता की जय... से संबोधन की शुरुआत

उद्बोधन की शुरुआत नड्डा ने भारत माता की जय के उद्घोष से की। उन्होंने प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के अलावा मंच से जिलाध्यक्ष बांदा चित्रकूट के नामों के अलावा, रामकिशोर साहू, ब्रज किशोर गुप्ता, बालुमुकुंद शुक्ला, रामकेश निषाद, जिपं अध्यक्ष अशोक जाटव, सुनील पटेल, पूर्व सांसद रमेश चंद्र, विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी और प्रकाश द्विवेदी का नाम लिया।

### देश पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बना

नड्डा ने कहा कि एक समय था जब भारत को पिछलग्गू देश कहा जा था आज कई देशों की अर्थनीति गड़बड़ा गई है और विपरीत परिस्थिति में भी भारत मोदी के नेतृत्व में पांचवे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। अगर मोदी प्रधानमंत्री बने तो तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

### बस से आई हन, मोदी-योगी आए रहे

शहर-कस्बों की बात अलग है पर गांवों में गरीब और श्रमिक वर्ग भाजपा को मोदी और योगी के नाम पर जानता है। नड्डा की जनसभा में पार्टीसमर्थक गांवों से भी लोगों को लाए थे। सभा के बाद पेड़ के नीचे सुस्ता रहीं ग्रामीण महिलाओं बड़की, इतवरिया, चुन्नी आदि से जब पूछा गया कि वे कैसे और क्यों आई हैं तो उन्होंने बताया, बस से आई हन, मोदी-योगी आए रहे। जब उनसे पूछा कि उन्होंने इनको देखा तो बोली, भइया भीड़ रही है, देख नहीं पाए।

### या तो जेल में हैं या फिर बेल में...

राष्ट्रीय अध्यक्ष के उद्बोधन के पूरे समय सांसद और प्रत्याशी आरके सिंह पटेल बगल में खड़े रहे। नड्डा ने लोगों से पूछा, बोलो, राहुल गांधी बेल पर हैं कि नहीं, सोनिया, संजय, लालू यादव, टीएमसी के नेता,पी चिदंबरम, कार्ति चिदंबरम, बेल पर हैं कि नहीं हैं। आप बताओ अरविंद केजरीवाल जेल में हैं कि नहीं हैं। आप बताओ आजम खां जेल में हैं कि नहीं हैं। घमंडिया गठबंधन के नेता जेल में या फिर बेल में, आप ऐसे नेताओं को आगे लाओगे क्या...।

### बसपा का नाम नहीं लिया

अपने पूरे उद्बोधन के दौरान सपा और कांग्रेस को तो कोसते रहे पर एक बार भी बसपा का नाम नहीं लिया। घोटालों को गिनाते समय भी उन्होंने लालू यादव, ममता बनर्जी, डीएमके, झारखंड, अरविंद केजरीवाल, के कविता के कथित घोटालों, रुपये वसूली का नाम लिया। उन्होंने परिवारवाद पर भी विपक्ष को घेरा। हालांकि बसपा के संबंध में उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की।

# बसपा के राजकिशोर ने थामा भाजपा का दामन

मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी रहे राजकिशोर त्रिपाठी उर्फ चुन्नू ने गुरुवार को भाजपा का दामन थाम लिया।


राजकिशोर।

उन्होंने बताया कि बसपा की नीतियों से आहत होकर उन्होंने अपने समर्थकों के साथ भाजपा अपनाई है। बताया कि उन्होंने गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में बेड़ी पुलिया में कार्यक्रम में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राजकिशोर ने अपना राजनीतिक करियर 1995 में बसपा से शुरू किया और तब से आज तक वह पार्टी के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि इस समय बसपा की नीतियों से वह चिंतित थे और काफी सोचविचार के बाद अपने समर्थकों के साथ भाजपा में गए हैं। मानिकपुर के भाजपाइयों ने आशा जताई है कि उनके पार्टी में जुड़ने से क्षेत्र में जनाधार बढ़ेगा।

# चार चुनाव कार्मिक प्रशिक्षण से गैरहाजिर, रिपोर्ट के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए चित्रकूट इंटर कॉलेज में हो रहे प्रशिक्षण के दौरान चार चुनावकार्मिक अनुपस्थित पाए गए। सीडीओ ने इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक, लोकसभा सामान्य निर्वाचन और मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि नौ मई को चुनावकार्मिकों को सीआईसी में द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इस दौरान मीनाक्षी निजाम सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया बलदाऊगंज मतदान अधिकारी द्वितीय, अभिषेक कुमार सहायक प्रबंधक आर्यावर्त बैंक अमानपुर, श्वेतांबरी सोनी सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐंचवारा और मूलचंद अनुदेशक उच्च प्राथमिक विद्यालय गाहुर अनुपस्थित रहे। सीडीओ ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद के आदेश के अनुपालन में इन अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध चुनाव कार्य में लापरवाही,उदासीनता बरतने के आरोप में नियमानुसार सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए।



हस्ताक्षर कर लोगों को किया मतदान के प्रति जागरूक।

# मतदाता जागरुकता हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरुआत

**चित्रकूट।** युवा उद्योग व्यापार मंडल व बैंक ऑफ़ बड़ौदा चित्रकूट के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को बैंक ऑफ़ बड़ौदा परिसर में मतदाता जागरुकता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। इसमें एडीएम उमेश चंद्र निगम व एसडीएम आलोक सिंह ने लोगों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें तथा अन्य लोगों को प्रेरित करें।

शाखा प्रबंधक राकेश मिश्र, युवा उद्योग व्यापार मंडल चित्रकूट के अध्यक्ष राहुल गुप्ता व महामंत्री अंकित पहारिया, प्रदेश मंत्री प्रदीप गुप्ता, मोहित जैन, शुभम गुप्ता, राम गुप्ता, दीपक, यश केशरवानी, रोहित कश्यप, जेके गुप्ता, बलवीर सिंह, अभय, रविंद्र, राकेश सिंह, देवेंद्र, वंदना, रामनरेश, संदीप मिश्रा, रवि श्रीवास्तव, बाबूलाल, देवेंद्र आदि मौजूद रहे। सभी अतिथियों का युवा नगर अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने आभार जताया।



# प्रताप का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक

## धूमधाम से मनाई गई वीर योद्धा की जयंती, क्षत्रिय महासभा ने महाराणा की वीरता का किया बखान

कार्यालय संवाददाता,बांदा



महाराणा प्रताप चौक में जयंती मनाते क्षत्रिय समाज के लोग। अमृत विचार



महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हिंदू धर्म रक्षक और वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने धूमधाम से मनाई। महासभा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल स्थित महाराणा प्रताप चौक में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पूजा-अर्चना करते हुए माल्यार्पण किया। साथ ही इस मौके पर यहां तैनात रहे सेवानिवृत्त आयुक्त का महासभा पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कहा कि महाराणा प्रताप की जीवनगाथा आज भी देश और समाज के लिए प्रेरणादायक है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने गुरुवार को हिंदू गौरव व महान सपूत महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। सेवानिवृत्त आयुक्त दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान में राष्ट्र की प्रगति के लिए सामाजिक सौहार्द बहुत जरूरी है। उन्होंने इस अवसर पर महाराणा प्रताप के

- चौक पर स्थापित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- सेवानिवृत्त आयुक्त का किया गया अभिनंदन

जीवनवृत्त पर भी प्रकाश डाला और कहा कि महाराणा प्रताप के साथ स्वतंत्रता के युद्ध में स्वाभिमानी राजदूतों के अलावा भामाशाह, हकीम खां शूरी, पुंजाभील सहित मेवाड़ का जन-जन अपनी संस्कृति व मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि अब देश में सांस्कृतिक चेतना आई है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का समारोह के साथ नागरिक अभिनंदन किया गया। उन्होंने अपनी पुरानी स्मृतियों को भी याद कर अपने संस्मरण सुनाए। राजेश सिंह सेंगर ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारतीय इतिहास के साथ छेड़छाड़ हुई। अकबर को महान बताया गया और भारतीय महापुरुषों के इतिहास को पाठ्यक्रम से दूर रखा गया। अब जागरुक जनता अपने पूर्वजों के इतिहास के गौरव को पहचान रहे हैं। अध्यक्षता कैप्टन एसबी सिंह और संकल्प पत्र एसके सिंह ने पढ़ा व संचालन डॉ. इंद्रवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार ने सभी आंगतुक अतिथियों, समाज के बंधुओ, करणी सेना, प्रताप वाहिनी के युवाओं, महिला प्रकोष्ठ व पूर्व सैनिको के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रताप जयंती समारोह में जगराम सिंह चैहान, संतोष कुमार गुप्त, मिथलेश पांडेय, आलोक सिंह, बलराम सिंह, जयराम सिंह, ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, अरिमर्दन सिंह, अजय सिंह, बीके सिंह, शैलेंद्र सिंह, पट्टीदार सिंह, अंकित गुप्ता बासू, श्याम सिंह, राजाबाबू सिंह परमार, पतिराखन सिंह, प्रशांत सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षत्रिय महासभा के लोग मौजूद रहे। इस दौरान करणी सेना के युवकों की अलग छटा बिखरी रही।

# सूखे पड़े तालाबों व नहरों में उड़ रही धूल

संवाददाता, बदौसा

- पानी के लिए भटक रहे अन्ना मवेशी, गांव में जल संकट
- ग्राम पंचायत सचिवों की लापरवाही आई सामने



बरछांव में सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बैशाख माह के शुरू होते ही गर्मी के पारे में उतार चढ़ाव का सिलसिला जो शुरू हुआ वह अनवरत जारी है और अब सूर्य की तपिश जिस तरह से अपने तल्ख तेवर दिखा रही है उससे आम जनमानस के साथ-साथ पशु व परिंदे भी बेचैन हो गए हैं।

वर्तमान समय में गर्मी के तल्ख तेवर के चलते आम जनमानस और मवेशी पानी के लिए बेहाल हैं, जिसके कारण उन्हें इधर, उधर भटकना पड़ रहा है। ग्राम पंचायतों में लाखों की लागत से मनरेगा के जरिए तालाब खुदवाए गए जो सूखे पड़े हैं। उनमें धूल उड़ती नजर आती है। मवेशी पानी के लिए इधर, उधर भटकते हुए देखे जाते हैं। जहां कहीं भी गड्ढों में हल्का फुल्का पानी दिखा तो यह मवेशी अपनी प्यास बुझाने के लिए टूट पड़ते हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में गहराता पानी का संकट लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रसिन बांध से निकली बदौसा माइनर, महुराई माइनर व तरसूमा माइनर भी सूखी पड़ी हुई हैं। इन नहरों में पानी की बूंद तो दूर धूल के सिवा कुछ नहीं हैं।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि खंड विकास अधिकारी नरैनी ने ग्राम पंचायतों के सचिवों को अपने-अपने क्षेत्रों के तालाबों को भरवाने व नहरों में पानी छुड़वाने के लिए निर्देशित किया था। जिस पर आज तक अमल नहीं किया गया है। यदि यही स्थिति रही तो निरूसंदेह इस आग उगलती भीषण गर्मी के बीच पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी और संभव है कि पानी के लिए भटकते अन्ना मवेशी भी दम तोड़ते नजर आएंगे।

# बीएसए ने 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बांदा



बीएसए और शिक्षकों के साथ मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पिछले दिनों आयोजित हुई राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 10 छात्र-छात्राओं ने अपनी मेधा का परचम लहरा दिया। परीक्षा में सफलता पाने वाले मेधावियों को समारोह के बीच जिला बेसिक शिक्षाधिकारी व खंड विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, साथ ही मेधावियों की पीठ थपथपाते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ोखर खुर्द सभागार में गुरुवार को आयोजित समारोह का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रिंसी मौर्य और खंड शिक्षाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हुए ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को बीएसए ने प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर

- राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में पाई सफलता

सम्मानित किया। परीक्षा में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशरू नैंसी उच्च प्राथमिक विद्यालय कनवारा 2, अहमद उच्च प्राथमिक विद्यालय हथौरा, रोहित कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनीपुर, शिवा उच्च प्राथमिक विद्यालय लुकतरा, सूरज, शिवा, जितेंद्र उच्च प्राथमिक विद्यालय मवई बुजुर्ग, इच्छा सिंह, पुष्पा देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय बगना पुरवा, सोमिल उच्च प्राथमिक विद्यालय मटौंध शामिल हैं।

परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिशक संघ की ओर से नोटबुक बंडल और ब्लाक संसाधन केंद्र की ओर से पानी की बोतल व ज्योमेट्री बॉक्स वह शील्ड देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष भुनेंद्र यादव, मंत्री राजेश द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजना सिंह, सुशील मिश्र, शिवप्रकाश, विनोद शिवहरे समेत सभी एआरपी, संकुल शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक संकुल लामा विनय बाजपेई ने किया। कामता अवस्थी व धर्मेंद्र ने व्यवस्था संभाली।

# 17 तक बढ़ी यूपी कैटेट में आवेदन की अंतिम तिथि

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 मई थी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के पांचों कृषि विश्वविद्यालय में होने वाली यूपी कैटेट की प्रवेश परीक्षा को लेकर आवेदन की अंतिम तिथि को 10 दिन बढ़ाकर 17 मई तक कर दिया गया है। पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 मई थी। प्रवेश परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी प्रतिभाग करें इसलिए आवेदन बढ़ाने का निर्णय लिया।

बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि कुलसचिव प्रो.एसके सिंह ने बताया कि उप्र संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा 2024 में आवेदन की तिथि 17 मई तक बढ़ाई गई है। प्रदेश के पांच कृषि विश्वविद्यालयों सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि मेरठ, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि कानपुर, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि अयोध्या, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय तथा महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के शिक्षण सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 से बढ़ाकर 17 मई तक कर दिया। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी परीक्षा अर्हता, शुल्क, सीटों की संख्या एवं अन्य विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना विवरणिका को डाउनलोड कर देख सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आर्हतानुसार आवेदन करके सुविधानुसार परीक्षा केंद्रों का चयन कर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट एवं प्रवेश परीक्षा के लिए बनाये गये विशेष वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप



योग करके मतदान की अपील करते शिक्षक। अमृत विचार

### योग करेंगे-वोट करेंगे, लोकतंत्र को मजबूत करेंगे

**पैलानी।** तहसील क्षेत्र के खप्टिहाकलां परमहंस रणछोड़दास इंटर कॉलेज में योग करेंगे-वोट करेंगे, लोकतंत्र को मजबूत करेंगेनारे के साथ योग व व्यायाम के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसमें ग्रामीणों, शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार ने योग के जरिए 20 मई को लोगों को जागरूक करते हुए पोलिंग बूथ पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान किया। व्यायाम प्रवक्ता ज्ञान चंद्र ने अनुलोम विलोम, कपालभांति, सूक्ष्म व्यायाम, भ्रामरी आदि योगाभ्यास कराकर शरीर को मजबूती प्रदान करने के लिए आवाज बुलंद की। इस दौरान उप प्रधानाचार्य श्रीप्रकाश द्विवेदी, डा.देवेंद्र द्विवेदी, प्रवक्ता पंच भैया प्रसाद, डा.विनोद कुमार, सुरेंद्र सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिंह, अंकिता द्विवेदी, निर्मला शुक्ला, रामपाल प्रजापति, मान सिंह, असीम कुमार, शिवदत्त गुप्ता, लक्ष्मण दास समेत सभी शिक्षक, कर्मचारी व छात्र छात्राएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो सवार की मौत

**बांदा।** ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो सवार श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि छह अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर आनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी अर्जुन (27) पुत्र देवीदीन बुधवार को कामदगिरि के दर्शन करने गया था। रात को वह चित्रकूट से टेंपो में बैठकर गांव आ रहा था। टेंपो में छह अन्य लोग सवार थे। जैसे ही टेंपो अतर्रा थाना क्षेत्र के गड़रा नाला के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टेंपो में टक्कर मार दी। टेंपो में सवार छह लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आनियंत्रित ट्रैक्टर नाला में जा गिरा। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डाक्टरों ने अर्जुन की हालत देख उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पड़ोसी बीरबल ने बताया कि अर्जुन चित्रकूट गया था। वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। मृतक सूरत में काम करता था। दो माह पहले गांव आ आया था। वह अविवाहित था।

### महिला ने खाया जहर, भर्ती

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के औंता गांव निवासी 26 वर्षीय नीलम पत्नी गंगाराम ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।

# आज धूमधाम से मनेगा परशुराम जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर परशुराम का जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। शुक्रवार की सुबह कचेहरी परिसर में स्थित भगवान परशुराम मंदिर में हवन पूजन के साथ जन्मोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शहर के सिटी गार्डेन में दो बजे से जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र और निर्मोही अखाड़ा पं.दीनदयाल जी महराज रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, महोबा विधायक राकेश गोस्वामी, शिक्षक एमएलसी बाबूलाल तिवारी शामिल रहेंगे। महासभा अध्यक्ष संतोष द्विवेदी ने अधिक से अधिक लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। संयोजक जगतराम त्रिपाठी और संकटा प्रसाद त्रिपाठी हैं। उधर अखंड भारत विप्र एकता मंच के तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर तिंदवारी रोड स्थित सम्राट पैलेस में 10 बजे से हवन-पूजन और भंडारा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष आकाश दीक्षित ने समाज के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# तीन लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**बांदा।** बबेरू कोतवाली अंडौली गांव निवासी आराधना (28) पत्नी मनोज ने बुधवार की रात किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ लिया। शहर के बंगाली पुरा निवासी उर्मिला (30) पत्नी दिनेश ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टी होने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। गिरवां कस्बा निवासी हसीना (28) पत्नी नफीस ने बुधवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया।

**ब्लेड से हाथ की नस काटी: बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गुलाब नगर निवासी नेहा (28) पत्नी अंकित ने बुधवार की शाम घरेलू विवाद से नाराज होकर ब्लेड से हाथ की नस काटकर खुदकुशी का प्रयास किया।

# बाल विवाह रोकने को रखें कड़ी नजर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों से की अपील

**अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग द्वारा अक्षय ततृीया के अवसर पर बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों से अपील की है कि वह 10 मई को बाल विवाह रुकवाने में अपना सक्रिय योगदान दे।

जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह ने कहा है कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। अक्षय तृतीया के अवसर पर बड़े पैमाने पर समाज में बाल विवाह के आयोजन होते हैं जो प्रतिबंधित है। उन्होंने सीएमओ, डीआईओएस, बीएसए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, संगठनों के प्रतिनिधियों को भेजे अपने पत्र में कहा है कि वह 10 मई अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रुकवाने में मदद करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसके शारीरिक एवं मानसिक रूप से गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं। उन्होंने बाल विवाह के आयोजनों में सहभागिता व सहयोग करने वाले व्यक्तियों को भी सचेत किया है कि वह इन कार्यक्रमों में यदि सम्मिलित हुए तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विवाह में सेवा देने वाले प्रिंटिंग प्रेस, टेंट व्यवसाय, मैरिज हॉल, बैंड बाजा, कैटर्श, फोटोग्राफर, पुरोहित, मौलवी आदि व्यक्तियों एवं संस्थाओं से कहा है कि किसी भी प्रकार के वैवाहिक आयोजन से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि विवाह की तिथि को लड़की की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष से कम न हो। बाल विवाह संबंधी जानकारी होने पर इसकी सूचना जिला प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098, डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर के मोबाइल नंबर 7398404254, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई के सीयूजी मोबाइल नंबर-7518024069, बाल संरक्षण अधिकारी के मोबाइल नंबर-7007472552, सखी वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मेनेजर के मोबाइल नंबर- 9140787815 पर सूचित करें । इसके अतिरिक्त निशुल्क हेल्पलाइन नंबरों डायल 112, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन या स्थानीय पुलिस, थाना, पुलिस चौकी पर सूचना दी जा सकती है।

आयोजन — धूमधाम से मनाया गया राजकीय महाविद्यालय पिपरहरी का वार्षिकोत्सव

# रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न संस्कृतियों की झलक

कार्यालय संवाददाता, बांदा



छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजकीय महाविद्यालय पिपरहरी का वार्षिकोत्सव गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें अनेक प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शील्ड आदि देकर सम्मानित किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंगारंग कार्यक्रमों देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक दिखी।

राजकीय महाविद्यालय पिपरहरी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पण कर किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डा.विनोद कुमार ने मां सरस्वती की स्तुति में श्लोक गायन किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राजकीय वीर भूमि महाविद्यालय महोबा के प्राचार्य प्रो. डॉ. सुशील बाबू का स्वागत किया गया। उन्होंने वार्षिक क्रीडा के चैंपियन शिवा सिंह स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र को चैंपियन शील्ड प्रदान की। इसके उपरांत प्राचार्य एवं अन्य प्राध्यापकों ने दौड़, डिस्कस थ्रो, गोला फेंक, भाला फेंक, ऊंची व लंबी कूद तथा कैरम आदि प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं शिवा सिंह, चंद्रकमल, आदित्य सिंह, रविता, प्राची, शिवानी, विशंभर, छोटू, हर्ष सिंह, दीपक, अजय व कीर्ति को शील्ड प्रदान की गई। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नृत्य, भाषण, मिमिक्री एवं कविता

- खेल प्रतियोगिताओं के विजेता शील्ड देकर किए गए सम्मानित

आदि का प्रस्तुतीकरण रानी, शीलू, रुचि, खुशबू, पारुल, नैंसी, शिवानी, आयुषी, प्रियांशी, सीता देवी, संदीप, वीरेंद्र व निमेश द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

अंत में वार्षिक परीक्षा 2023 में कला संकाय में हिमाचल यादव, वाणिज्य संकाय में प्रिंस गुप्ता, विज्ञान संकाय में रवि त्रिपाठी ने महाविद्यालय में प्रथम स्थान पाने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार यादव ने किया। इसके अलावा अंजनी पटेल, अनिरूद्ध सिंह, संदीप सिंह, उत्तम सिंह, राजाभाई व बुद्धराज आदि का सक्रिय योगदान रहा।

# स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- कान्हा कुंज मैरिज हाल में लगाया जाएगा शिविर
- शहर के जाने माने चिकित्सक करेंगे लोगों का परीक्षण

**अमृत विचार।** आरोग्य भारती के तत्वावधान में शुक्रवार को शहर के कान्हा कुंज मैरिज हाल में विशाल स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए आरोग्य भारती के जिला संयोजक तरुण कुमार खरे और आयोजक समाजसेवी सुरेश कान्हा ने बताया कि चिकित्सा शिविर में शहर के जाने माने चिकित्सक लोगों का परीक्षण कर उचित परामर्श व उपचार मुहैया कराएंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश डा.बब्बू सारंग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीडी गुप्ता और जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक होंगे। बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.एसपी गुप्ता, ईएनटी सर्जन डा.भूपेंद्र सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा.संगीता सिंह, न्यूरो सर्जन डा.सोमेश त्रिपाठी, डा.अरविंद झा, बाल्य रोग विशेषज्ञ डा.अनीता अग्रहरि, डा.सुनील शुक्ला, फिजीशियन डा.शैलेंद्र यादव, मानसिक रोग विशेषज्ञ डा.आलोक गुप्ता, जनरल सर्जन डा.प्रतीक्षा गुप्ता, अस्थि रोग विशेषज्ञ डा.देव प्रताप सिंह समेत शहर के प्रख्यात दंत चिकित्सक अरोग्य भारती के जिला सचिव डा.एसपी सिंह और उनकी धर्मपत्नी डा.ऋषिका सिंह शामिल रहेंगे। आयोजक मंडल ने शहर के लोगों को शिविर में प्रतिभाग कर स्वास्थ्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# यूपी का गेहूं एमपी के बाजार में ऊंचे दामों पर बेच रहे व्यापारी

## पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में 300 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं महंगा बिक रहा

संवाददाता, जैतपुर-महोबा



मंडी में किसानों का गेहूं खरीदते व्यापारी। अमृत विचार

- व्यापारियों के गेहूं खरीदने से सरकारी केंद्रों का लक्ष्य फंसा
- मप्र के छतरपुर भेजा जा रहा गेहूं, सीमा पर रोकटोक नहीं

**24** सौ रु. प्रति क्विंटल खरीद रहे

**27** सौ रु. क्विंटल एमपी में बिक रहा

**अमृत विचार।** जिले की सीमा से सटे पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में 300 रुपये प्रति क्विटल गेहूं महंगा होने के कारण क्षेत्र के गल्ला आढ़ती किसानों का माल खरीदकर एमपी की मंडियों में बेच रहे हैं, जिससे सरकारी क्रय केंद्रों में गेहूं की आमद तेजी से घट रही है। इससे क्रय केंद्रों द्वारा निर्धारित लक्ष्य पूरा कर पाना मुश्किल हो गया है।

किसान अपना गेहूं अब क्रय केंद्रों में गेहूं न बेचकर मड़ियों में बेच रहे हैं। प्रतिदिन मंडी से पिकअप वाहनों में भरकर जिले की सीमा से सटे छतरपुर जिले में रात के समय गेहूं भेजा जा रहा है। जिले के बाहर गेहूं बेचे जाने से गेहूं की कीमतें तेजी से बढ़ रही है। व्यापारियों द्वारा किसानों का गेहूं खरीदे जाने पर रोक के बाद भी व्यापारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। पैसा कमाने के चक्कर में वह धड़ल्ले से गेहूं की खरीदारी कर रहे हैं। आज तक कोई भी अधिकारी उनकी खरीदारी पर न तो रोक सका और न ही उनके खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई ही की गई, जिससे व्यापारियों के हौसले बुलंद है। जिले में 2400 क्विंटल का खरीदा गया गेहूं एमपी में 2700 क्विंटल के हिसाब से बेच रहे हैं।

गौरतलब है कि शासन द्वारा पत्राचार कर किसानों से व्यापारियों के गेहूं खरीदने पर रोक लगाई गई थी। ताकि सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों का लक्ष्य पूरा हो सके, लेकिन जिले के अधिकारी व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर आकर व्यापारियों को हिदायत देने से दूर भाग रहे हैं। व्यापारी बेखौफ होकर मंडी में गेहूं खरीद रहे हैं और एमपी की मंडियों में बेच रहे हैं। बेशक किसानों को एमएसपी से ज्यादा और त्वरित भुगतान पर गेहूं बिक रहा है और व्यापारी मध्य प्रदेश में अधिक दाम पर बेकर तिजोरी भर रहे हैं। सीमा पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा भी कोई रोकटोक न किए जाने दिन-रात पिकअप गाड़ियों मध्यप्रदेश की तरफ फर्राटा भर रही हैं।

## बाइक बिजली के खंभे से टकराई तीन घायल

**महोबा।** श्रीनगर पवा रोड पर बिलखी तिराहे के पास बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और पुलिस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर एक बाइक सवार की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है। जबकि दो अन्य बाइक सवारों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना अजनर के ग्राम लामोरा निवासी ठाकुरदास 32 पुत्र मातादीन, हरगोविंद 35 पुत्र भागीरथ, कोमल 21 पुत्र बड़े बाइक से थाना लवकुश नगर जनपद छतरपुर के ग्राम भितरिया घूमने जा रहे थे। तभी रास्ते में अचानक बिल्खी गांव के पास बाइक विद्युत के पोल से टकरा गई जिससे उक्त तीनों बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गए। तभी ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# अपर जिला जज ने बंदियों से जानी भोजन की गुणवत्ता व व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा



उपकारागार में कैदियों से बात करते अपर जिला जज तेंद्र पाल। अमृत विचार

- अपर जिला जज के निरीक्षण की जानकारी मिलते ही जेल अधिकारियों में हड़कंप

**अमृत विचार।** अपर जिला जज तेंद्र पाल ने गुरुवार को उपकारागार महोबा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से खाने की गुणवत्ता व व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की। बंदियों ने उन्हें सब ठीकठाक ही बताया।

अपर जिला जज के निरीक्षण की जानकारी मिलते ही जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई। जेल के अंदर सारी व्यवस्थाएं चौकस करा दी गई। साथ सफाई कर जेल की बैरक और मैदान को साफ करा दिया।

अपर जिला जज ने गुरुवार को उपकारागार में पहुंचकर जेल में बंदियों, कैदियों से उनकी समस्याएं पूछीं और जेल मे मिलने वाले खानपान की गुणवत्ता के बावत भी जानकारी की। इस दौरान बंदी भी जिला जज के साथ जेल अधिकारियों को देखकर सबकुछ ठीक ठाक बताते रहे। अपर जिला जज के निरीक्षण दौरान कोई भी बंदी गुटखा खाता नहीं मिला। अपर जिला जज ने कैदियों को सलाह दी कि वह गुटखा, सिगरेट और बीड़ी का सेवन न करें। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक है। अपर जिला जज ने इसके बाद जेल में बने अस्पताल का भी निरीक्षण किया। अस्पताल में पाए गए मरीजों से भी बातचीत की। समय से दवा भोजन मिलता है कि नहीं, इसकी भी जानकारी ली। अंत में भोजनालय पहुंचकर भोजन को देखा। भोजन बनाने वालों से भी पूछताछ की। जेल अधीक्षक को प्रतिदिन निर्धारित मानक के अनुरुप भोजन बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जेल में लगे सीसी टीवी कैमरों का भी जायजा लिया और कैमरों को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीनियर वरिष्ठ अधिवक्ता रामऔतार सिंह भी मौजूद रहे।

# आज्ञाकारी पुत्र के रूप में स्मरणीय रहेंगे परशुराम

प्राकट्योत्सव आज

कार्यालय संवाददाता, महोबा



**अमृत विचार।** भगवान विष्णु के अवतार परशुराम को पिता के आज्ञाकारी पुत्र के रूप में सदैव याद किया जाएगा। उनकी वीरता और साहस के प्रसंग धर्मग्रंथों में उल्लिखित हैं।

परशुराम प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में वीरभूमि महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी बताते हैं कि भारतीय संस्कृति में वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया भी कहते है। इसी तिथि को भगवान विष्णु के दस अवतारों में से छठवें अवतार परशुराम का धरती पर अवतरण हुआ था। परशुराम के पिता जमदग्नि ऋषि थे। माता रेणुका ऋषि विश्वामित्र की बहन थी। परशुराम के अवतरण की कथाएं बाल्मीकि रामायण, महाभारत व पुराणों में मिलती है। परशुराम जी भक्ति और शक्ति के प्रतीक थे। उनकी गिनती चिरंजीवी यानी अमरता प्रदान करने वाले महात्माओ में है।

उन्होंने बताया कि परशुराम की भक्ति से प्रभावित होकर भगवान शंकर ने उन्हें परशु यानी फरसा प्रदान किया था, इसलिए उनका नाम परशुराम हो गया। परशुराम ने महाभारत के कर्ण और गंगा पुत्र भीष्म को शस्त्र विद्या सिखाई थी और उस समय माहिष्मती नगरी का राजा कार्तवीर्य था, जिसे अर्जुन के नाम से भी जाना जाता था। कार्तवीर्य ने अपने गुरू दत्तात्रेय की कृपा से अनेक वरदान प्राप्त किए और उसे एक हजार भुजाएं भी प्राप्त हुई थी। वह इतना शक्तिशाली था कि उसने एक बार लंकापति राजा रावण को भी कैद कर लिया था। उन्होंने बताया कि एक बार कार्तवीर्य परशुराम के पिता जमदग्नि ऋषि के आश्रम में गए और उनसे कामधेनु गाय बलपूर्वक ले ली। जब यह बात परशुराम जी को ज्ञात हुई तो उन्होने कार्तवीर्य का वध कर डाला, जब उनके ऋषि पिता ने अपने पुत्र से कहा कि इस वध के प्रायश्चित करना चाहिए और उन्होंने एक वर्ष तक तीर्थाटन किया और वापस लौटने पर पता चला कि उनके पिता का कार्तवीर्य के पुत्रों ने वध कर दिया।

डा. अनुरागी पुराणों के अनुसार बताते हैं कि ऋषि जमदग्नि की पत्नी रेणुका अग्निहोत्र के लिए नदी से जल लाने नदी पर गई और उनकी पत्नी को देरी हो गई। अग्निहोत्र का मुहूर्त निकलता जा रहा था, जिस पर उन्होंने क्रोध में आकर पुत्रों को अपनी माता रेणुका का वध करने की आज्ञा दी। परशुराम को छोड़कर सभी पुत्रों ने ऐसा करने से इंकारकर दिया, जमदग्नि के शाप के कारण सभी लोग मूढ़ बन गए और परशुराम ने पिताकी आज्ञा से माता और अपने भाइयों का सिर काट दिया, जिससे प्रसन्न होकर पिता ने वरदान मांगने को कहा।

इस पर परशुराम ने माता को पुनर्जीवित और भाइयों को पूर्ववत होने के साथ साथ अमरता का वरदान प्राप्त किया। प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी बताते हैं कि परशुराम के पिता जमदग्नि को सप्त ऋषियों में सातवां स्थान है। परशुराम ने पृथ्वी से आततायों से मुक्त कराया।

# मकरबई पहुंचे पुलिस प्रेक्षक, लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बुके देकर पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास का स्वागत करती एसपी अपर्णा गुप्ता।

- यूपी-एमपी की सरहद पर लगाए गए बैरियर का प्रेक्षक ने लिया जायजा

**अमृत विचार।** जिले में 20 मई लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतदान प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर गुरुवार महोबा हमीरपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास द्वारा जनपद के क्रिटिकल एवं वल्नरेबिल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। थाना कबरई के ग्राम मकरबई के भ्रमण में प्रेक्षक ने मतदाताओं की संख्या, आवागमन की स्थिति, नेटवर्क आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मतदाताओं से वार्ता कर निर्भीक, निडर होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

जॉय विश्वास ने महोबा के सीमा क्षेत्रों में आवागमन की स्थिति व सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश सीमा क्षेत्र में स्थापित बैरियर, चेकपोस्ट क्रमशः कुम्हडौरा, पठा बैरियर एवं कैमहा बैरियर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीमा क्षेत्र में स्थापित बैरियर पर दिन में महिला पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाते हुए सीमा क्षेत्र में कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस बल के ठहरने के स्थल, मतदान केन्द्र राजकीय वीर भूमि डिग्री कालेज का भ्रमण कर पुलिस बल को प्रदान की जाने वाली समस्त मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही कालेज में स्थापित बूथों की संख्या मतदाताओं की संख्या, आवागमन की स्थिति, नेटवर्क आदि के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौंड, प्रभारी निरीक्षक कबरई वीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर महोबा नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर अर्जुन सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बुके भेंट कर पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास का स्वागत किया। इस दौरान एसपी से उन्होंने कई मुद्दों पर बात की।

# मतदान व मतगणना के दिन बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- चोरी-छिपे बेचने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 मतदान व मतगणना के दिन मद्यनिषेध घोषित किए जाने से संबन्ध में राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किए गए पत्र में आबकारी देशी, विदेशी मदिरा एवं बीयर की बिक्री पर रोक लगाने के जिलाधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं। इसका सेवन करने और साथ में लेकर चलने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए पत्र के बाद जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने जिला आबकारी अधिकारी को मतदान से 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्त होने तक तथा 4 जून को 2024 को मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस अवधि में जिले की समस्त आबकारी देशी विदेश मदिरा, बीयर, माडल शाप, भांग, ताड़ी की फुटकर बिक्री और थोक दुकानें बंद रहेगी। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की मात्रा का न तो संचय करेगा और न ही वितरण करेगा और न ही देशी विदेशी शराब को लेकर चल सकेगा। आदेश जारी होने के बाद यदि कोई भी व्यक्ति मतदान या मतगणना के दिन शराब दुकानों का संचालन करता पाया गया तो उक्त दुकानों के संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग बच्चा पैदा होने पर महिला को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- महिला ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**अमृत विचार।** थाना अजनर के ग्राम घिसल्ली में एक महिला के दिव्यांग पुत्र पैदा होने पर ससुरालीजनों ने उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। अब विवाहिता अपने दुधमुहे बच्चे को लेकर अधिकारियों की चौखट पर भटक रही है। पति और ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने से आहत महिला ने अपने पिता के साथ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर ससुरालीजनों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

ग्राम घिसल्ली निवासी धनीराम प्रजापति ने अपनी पुत्री आरती का विवाह देवप्रकाश प्रजापति के साथ किया था। विवाह में पुत्री के पिता ने अपनी सामर्थ से अधिक दान दहेज भी दिया था। धनीराम का कहना है कि बेटी के विवाह में एक लाख रुपये नगद और गृहस्थी का सामान देकर उसे विदा किया था। इसके बाद विवाहिता के एक विकलांग संतान होने पर सुसरालीजन भड़क गए और उसको प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ससुरालीजन कम दहेज मिलने की बात कहकर उसे प्रताड़ित करते थे और आएदिन उससे झगड़ा करते थे। अब विकलांग बच्चे का बहाना लेकर उसे घर से निकाल दिया।

पीड़िता का कहना है कि उसके पति के अलावा सास ससुर, ननद और अन्य ससुरालीजन दहेज कम मिलने पर ताने कसते थे और बाइक सहित 50 हजार रुपये घर से लाने के लिए प्रताड़ित करते थे।

# चुनाव बहिष्कार की घोषणा के बाद सफाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- टूटी सड़क की मरम्मत के लिए डाली जा रही सामग्री



नाली की सफाई करता कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत ठठेवरा में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण और गांव की समस्याओं को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने के ऐलान के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लिया। गांव में अभियान चलाकर साफ सफाई शुरू करा दी गई है ।साथ ही नमामि गंगे योजना से टूटी पड़ी सीसी सड़क की मरम्मत का कार्य भी चालू करा दिया गया है।

विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत ठठेवरा में 25 साल से अधूरी पड़ी निर्माणाधीन सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई है, जिससे बारिश के दिनों में यहां के बाशिंदों को तहसील और जिला मुख्यालय आने जाने के लिए ग्राम इंदौरा, खौनरिया, करारा रावतपुरा और ठठेवरा के ग्रामीणों का आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। हर बार चुनाव के समय नेताओं द्वारा अधूरी सड़क का कार्य पूर्ण कराए जाने के वादे किए गए और चुनाव जीतने के बाद विधायक, सांसद ने मुड़कर गांव की तरफ नहीं देखा। पाइप लाइन बिछाने के लिए गांव की सीसी रोड खोद डाली गई।

ग्राम की इन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ को दिए गए शिकायती पत्र में समस्याओं का निराकरण कराए जाने की मांग की गई थी साथ ही चेतावनी दी गई कि समस्याओं का निराकरण न होने पर चार गांव के ग्रामीण चुनाव का बहिष्कार करेंगे। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया, और सफाई व्यवस्था जल्द से जल्द कराए जाने की भी बात कही इसके बाद ग्रामीण मान गए थे। गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर ग्राम पंचायत अधिकारी भूपेंद्र सोनी ने सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर गांव में सफाई अभियान चलाया। वहीं नमामि गंगे योजना से उखड़ी पड़ी सड़कों की मरम्मत के लिए मटेरियल डलवाना भी शुरू करा दिया है।

चुनावी तैयारी

प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों को कर्तव्यों व दायित्वों का कराया बोध

# मतदान कार्मिकों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मतदान कार्मिकों को जानकारी देतीं प्रेक्षक प्रियंका दास। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को राजकीय पॉलिटेक्निक महोबा में सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास व जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रेक्षक की मौजूदगी मे प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए 800 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिन्हें गुरुवार को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। सभी मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया, माकपोल, ईवीएम की सीलिंग की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी करायी गयी। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक ने मतदान कार्मिकों को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। कहा कि आप सभी की ड्यूटी मतदान कार्मिकों के रूप में लगाई गई है। इसके लिए आप सभी सौंपी गई जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

उन्होंने मतदान कार्मिकों के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग मतदान स्थल पर मतदान की तैयारी का आकलन करेंगे। मतदान स्थल पर मतदान से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे रैंप, पेयजल, पर्याप्त फर्नीचर, प्रकाश, शौचालय, छाया आदि व्यवस्था की देखेंगे। इसके अतिरिक्त राजकीय पॉलिटेक्निक में पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु ट्रेनिंग दी गई। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान कराने में लगाई गई है, उनका मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक चित्रसेन आदि रहे।

### प्रत्येक बूथ पर पानी व डॉक्टर की सुविधा हो

**महोबा :** प्रशिक्षण के दौरान कहा गया कि गर्मी का मौसम है। प्रत्येक बूथ पर पीने का पानी, ओआरएस, आशाबहू, डॉक्टर की सुविधा रहे। बूथों पर मतदान कार्मिको, मतदाताओं के सुविधाओं के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कदम उठाए जाएं। उन्होने कहा कि मतदान के पूर्व तथा मतदान के दिन विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए प्रत्येक बूथ पर एएमएफ की भी सुविधा प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी का दायित्व है कि लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# महाराणा प्रताप की वीरगाथा का बखान

कार्यालय संवाददाता, महोबा



कार्यक्रम में बोलते प्रवक्ता।

- जयंती पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में कार्यक्रम

**अमृत विचार।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबा गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के वीरता एवं शौर्य से उपस्थित लोगों को परिचय कराया। साथ ही विद्यालय के छात्रों ने भी महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला।

प्रवक्ता आदित्य मिश्रा ने कहा कि भारत के धार्मिक तथा सांस्कृतिक आजादी की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महाराणा प्रताप का नाम इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हैं। महाराणा प्रताप की तलवार का वजन 1.799 किलो था और उनके सभी अस्त्र-शस्त्रों का वजन करीब 35 किलो था। कहा कि महाराणा प्रताप ने जब महलों का त्याग किया, तब उनके साथ लोहार जाति के हजारो लोगों ने भी घर छोड़ा था। उन्होंने दिन रात राणा की फौज के लिए तलवारें बनाई थी। हल्दी घाटी के युद्ध के सालों बाद भी वहां की जमीन के भीतर तलवारें पाई गई। आखिरी बार तलवारों का जखीरा 1985 में मिला था।

संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि राजस्थान के इतिहास 1582 में दिवेर का युद्ध एक महत्वपूर्ण युद्ध माना जाता है, क्योंकि इस युद्ध में महाराणा प्रताप के खोये हुए राज्यों की पुनः प्राप्ती हुई, इसके पश्चात महाराणा प्रताप व मुगलो के बीच एक लम्बा संघर्ष युद्ध के रुप में घटित हुआ, जिसके कारण कर्नल जेम्स टॉड ने इस युद्ध को "मेवाड़ का मैराथन" कहा है। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। उनके पिता महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता रानी जयवंत बाई थीं। महाराणा उदयसिंह द्वितीय ने चित्तौड़ में अपनी राजधानी के साथ मेवाड़ राज्य पर शासन किया। महाराणा प्रताप उदयसिंह के सभी पुत्रों में सबसे बड़े थे और इसलिए उन्हें क्राउन प्रिंस की उपाधि दी गई। इस मौके पर गिरीश कुमार सक्सेना सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक और समाजसेवी मौजूद रहे।

# गीत गाकर दिया मतदान करने का संदेश

## आयोजनों के माध्यम से मतदान के प्रति किया जा रहा है जागरूक, लोगों को बता रहे हैं वोट का महत्व

संवाददाता सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

गुरुवार को विकासखंड क्षेत्र के बिलगांव में महिलाओं की टोली ने गीत गाकर मतदान का संदेश दिया। इंदरपुरा में भी टोली गीत का आयोजन हुआ। बौखर गांव में मेहंदी लगाकर स्कूली छात्राओं व महिलाओं ने मतदान का संदेश दिया। धगवां गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गयी। परछा में स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। हरसुंडी में संकल्प पत्रों का वितरण ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारियों द्वारा किया गया। इस मौके पर सचिव राधेश्याम, रिश्ता तिवारी, श्याम सुंदर, सुरेश वर्मा, विनय यादव व आजीविका मिशन के संगीता, रूप सिंह आशीष कुमार सहित ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहीं।

**स्वीप टीम ने स्टीकर लिया मतदान का संकल्प : हमीरपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को पुलिस लाइन, स्टेडियम, सुमेरपुर व कुरारा प्राइवेट टेम्पो स्टैंड पर जागरुकता अभियान चलाया गया।



मतदान की शपथ लेते ग्रामीण। अमृत विचार

डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव तथा स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली के नेतृत्व में चार व दोपहिया वाहनों पर मतदाता जागरुकता स्टीकर लगाए गए। आगामी 20 मई को अपना, अपने परिवार और पड़ोसियों से मतदान का संकल्प लिया गया।

इस दौरान नगर पालिका व डीपीआरओ के सफाई कर्मचारी, होमगार्ड एवं ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को रोक कर मतदाता जागरुकता स्टीकर लगाए।

### पहले मतदान फिर जलपान का लगाया नारा

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगाते हुए बीडीओ के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें पहले मतदान बाद में जलपान का नारा लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया, खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मत का सभी लोग प्रयोग करें जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ सके । मतदाता जागरुकता रैली में आजीविका मिशन के प्रदीप कुमार, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम आदि मौजूद रहे।



सिकरोड़ी गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते बीडीओ व अन्य ।

### स्वासा बुजुर्ग व खुर्द में निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्वीप के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान, संकल्प पत्र शपथ व रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं कई गांवों में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता के साथ मतदान के लिए निमंत्रण पत्र वितरित किए गए। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर गुरुवार को स्वासा बुजुर्ग व स्वासा खुर्द गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। रैली का उद्घाटन डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विभिन्न गांवों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें इंगोहटा में यूथ रैली व विदोखर पुरई संकल्प पत्र शपथ सहित अन्य कार्यक्रम कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। बीडीओ ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर जागरूक किया। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इस मौके पर सचिव मनोज गुप्ता, अमित कुमार, सोनाली सचान, मनीष कौशिक, साधना सिंह, रामबाबू गुप्ता, अमित तिवारी सहित एएनएम, ग्रामीण व आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रही।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

# खबर प्रकाशित होने के बाद बदला गया बिजली का पोल

**पौथिया (हमीरपुर)।** राठ हमीरपुर मार्ग पर स्थित पौथिया गांव के एसवी इंटर कॉलेज पोलिंग बूथ पर बिजली का पोल व केबिल ठीक कराने के लिए एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पिछले सप्ताह दिए गए निर्देश के बावजूद विद्युत विभाग ने ध्यान नहीं दिया। गुरुवार को इसकी खबर अमृत विचार ने प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होते ही गुरुवार को ही डीआईओएस व बेसिक शिक्षाधिकारी आलोक सिंह गांव पहुंचे और पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रबंधक व प्रधानाचार्य को मौके पर बुला कर तार फेसिंग कराने एवं साफ सफाई कराने के कड़े निर्देश दिए। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार को दोपहर में ही बिजली विभाग के कर्मचारियों ने नया पोल लगा दिया और अपना पल्ला झाड़ लिया। लेकिन बड़ी केबिल नहीं बदली और छोटी केबिल डाल कर विद्यालय की विद्युत व्यवस्था बहाल करा दी। उधर बिजली कर्मचारी से पूछा गया कि केबिल क्यों नहीं डाली जा रही है तो उन्होंने कहा अभी स्टोर में बड़ी केबिल नहीं है। केबिल के बारे में बड़े अधिकारियों से पूछिए। अभी छोटी केबिल से काम चल जाएगा। मतदान के बाद बड़ी केबिल मंगा कर लगवा दिया जाएगा।



बिजली का पोल गाड़ते विद्युत कर्मचारी।



मेधावी छात्रा को मेडल व स्मृति चिह्न भेंट करतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# प्रतिभा उन्नयन प्रतियोगिता में आयुषी सिंह आयीं प्रथम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्रतिभा उन्नयन प्रतियोगिता में मां गीता महेश्वरी इंटर कॉलेज की छात्रा आयुषी सिंह ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्थान पाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत क्षेत्र के छात्र/छात्राओं के मध्य प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से सामान्य ज्ञान आधारित प्रतिभा उन्नयन प्रतियोगिता आयोजित कराई गई थी। जिसमें मां गीता महेश्वरी इंटर कॉलेज की छात्रा आयुषी सिंह ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर के छात्र हर्ष त्रिपाठी ने द्वितीय स्थान एवं इसी विद्यालय के प्रभात तथा केपी इंटर कॉलेज की छात्रा रेशमा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को मोबाइल, ट्रॉली बैग तथा दीवार घड़ी देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र मुख्य अतिथि डॉ.शक्ति गुप्ता तथा प्रबंधक मंडल के हरिओम सिंह सेंगर ने दिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इंटर की परीक्षा पास करने के बाद छात्र/छात्राओं के लिये प्रतियोगिता के द्वारा खुल जाते है। महाविद्यालय द्वारा आयोजित की गई परीक्षा छात्र/छात्राओं के लिए उपयोगी साबित होगी। प्राचार्य डॉ.स्वामी प्रसाद ने ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संबंध में छात्र/छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में महाविद्यालय के प्रवक्ता रक्षादीन कर्णधार, डॉ.सरिता दुबे, डॉ.अंजली मिश्रा, सीमा गुप्ता, नीतू, प्रियंका, धमेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, अजय कुमार, स्वयंबर सिंह, सूरज सिंह, संदीप सिंह, त्रिभुवन देव आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब बनाने की भट्ठी

**सरीला।** जरिया थाना पुलिस व आबकारी विभाग ने वीरा गांव से अवैध शराब बनाने की भट्ठी में छापा मारकर 80 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित ढाई कुंतल लहन के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष जरिया प्रिंस दीक्षित ने बताया सरोज निवासी वीरा को अवैध शराब बनाते हुए मिली। मौके पर 80 लीटर अवैध शराब, ढाई कुंतल लहन बरामद किया गया।

### भाड़े पर ली वैन को गिरवी रखने का लगाया आरोप

**राठ।** वृद्धा ने एक युवक पर चार पहिया गाड़ी किराए पर लेकर हर माह भाड़ा देने की बात कहकर गाड़ी को गिरवी रखने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के बड़ा गांव निवासी आशारानी रामनाथ ने बताया कि दो माह पहले मुबीन निवासी खुशीपुरा राठ घर से दस हजार रुपये प्रति माह भाड़े पर मारुति वैन ले गया। आरोप लगाया कि उक्त युवक ने मारुति वैन को महेंद्र सैनी पठानपुरा के पास गिरवी रख दी।

### मृतक के पिता ने लोडर चालक के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**राठ।** मझगवां थाने के इटौरा गांव निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि दो मई को उसका पुत्र 20 वर्षीय अजीत बाइक से इटौरा से राठ की ओर आ रहा था। इसी दौरान कुर्रा गांव के पास लोडर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। बताया कि ग्वालियर में इलाज चल रहा था। जहां मंगलवार की रात पुत्र ने दौरान दम तोड़ दिया। ता ने लोडर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

### युवक ने बच्चे को पीटकर किया घायल

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के औडेरा गांव में एक युवक ने 10 वर्षीय बच्चे के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की मां ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के औडेरा गांव की निवासी महिला हरदेवी पत्नी मानसिंह ने राठ कोतवाली में घटना के लिखित तहरीर देकर बताया कि गांव के बच्चों की पतंग उसके पड़ोस में रहने वाले सत्यम पाल पुत्र पप्पू पाल के घर में चली गई थी। बताया कि जब गांव के बच्चे पतंग उठाने के लिए सत्यम पाल के घर में पहुंचे तो सत्यम पाल ने सभी बच्चों को खदेड़ दिया। जिसके बाद सभी बच्चे अपने-अपने घर भाग गए। बताया कि वहीं पर उसका 10 वर्षीय पुत्र अनुज बाहर खड़ा हुआ था। बताया कि सत्यम उसके पुत्र को घसीटकर घर के अंदर ले गया था और उसके साथ मारपीट कर दी। बताया कि उसके पुत्र को चोटें आई हैं। तथा उसने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# सब्जी बेच रही महिला व उसके पति को पीटा

**राठ।** कस्बे के रामलीला मैदान में एक युवक ने सड़क किनारे फुटपाथ पर सब्जी बेच रही महिला व उसके पति के साथ सब्जी की दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद के चलते मारपीट कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव की निवासी महिला प्रमिला ने कोतवाली में घ तहरीर देकर बताया कि वह राठ कस्बे के रामलीला मैदान के फुटपाथ पर सब्जी की दुकान लगाती है। बताया कि दिन के समय वह अपनी दुकान लगाकर बैठी हुई थी। उसी दौरान न रशीद ने अपने हाथ ठेला को उसकी सब्जी की दुकान के आगे खड़ा कर दिया। बताया कि जब उसने विरोध किया तो रशीद ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई शुरू कर दी। बताया कि उसके साथ मारपीट होती देख कर जब उसका पति जवाहरलाल उसे बचाने के लिए दौड़ा तो उसने उसके पति जवाहरलाल के साथ भी मारपीट कर दी तथा जान माल की धमकी दे डाली। बताया कि उसने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# जयंती पर महाराणा प्रताप के शौर्य का किया बखान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर कस्बे में वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत वीरता एवं दृढ़ता के प्रतीक महाराणा प्रताप को याद करते हुए उनकी जयंती मनाई गई।

संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ये मुगल काल के सबसे बड़े हिन्दू राष्ट्रवीर थे, अकबर जैसे मुगल शासक इनकी शूरता, स्वाभिमान और देश-प्रेम को जानते थे। मुगल शासक जानता था कि महाराणा प्रताप झुक नहीं सकते, टूट भले ही जाएं। 1576 के हल्दी घाटी के युद्ध में उनके युद्ध कौशल को कौन नहीं जानता, इनका जन्म नौ मई को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में महाराणा उदय सिंह और जयवंतबाई के घर हुआ था।

ये 29 वर्षों तक मेवाड़ के शासक रहे। इनका चेतक घोड़ा भी बहुत वफादार और बहादुर था, वर्षो मुगलों से युद्ध किया, कई बार इन्हें जंगलों मंन शरण लेनी पड़ी, खाने के लाले पड़े, फिर भी हार नहीं मानी, अकबर कभी भी इन्हें पकड़ नहीं सका, इन्होंने कई युद्ध लड़े , जिनमें हल्दी घाटी और रक्त तलाई प्रमुख थे। आधुनिक शोधों से ज्ञात हुआ है कि हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की विजय हुई थी, इनका रणकौशल ब्रिटिश काल में बंगाल के आजादी के दीवानों के लिए प्रेरणास्रोत बना। यह महान सूरमा सदैव स्मरणीय रहेंगे। कार्यक्रम में अवधेश कुमार गुप्ता, राधारमण गुप्ता, संतोष, आशुतोष, रितिक, महावीर, प्रिन्स, प्रेम प्रजापति, पंकज सिंह, रिचा और दस्सी आदि शामिल रहे।



महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करते डॉ. भवानीदीन। अमृत विचार

### मेवाड़ मुकुट के नाम से प्रसिद्ध हैं महाराणा प्रताप

**मौदहा (हमीरपुर)।** मेवाड़ मुकुट के नाम से मशहूर वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं और युद्ध कौशल पर प्रकाश डाला गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी में उदयभान सिंह के आवास पर आयोजित एक सादे समारोह में मेवाड़ मुकुट के नाम से प्रसिद्ध अमर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इस दौरान सभा में मौजूद वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला, साथ ही उनके द्वारा लड़े गए युद्धों और उनके युद्ध कौशल पर भी चर्चा की। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यशवर्धन सिंह चंदेल, राजबहादुर सिंह, गुड्डू ठाकुर, देव सिंह नदेहरा, आशीष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### परशुराम जयंती आज

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के कन्हैया गेस्ट हाउस के शिवाय होटल में अक्षय तृतीया शुक्रवार की शाम 5 बजे आस्था और भक्ति भावना के साथ भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी, उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक भोला मिश्र और अमित तिवारी ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी की जयंती 10 मई शुक्रवार को शिवाय होटल में शाम 5 बजे मनाई जानी है, उन्होंने आस्थावान लोगो से उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### श्रद्धा एवं उत्साह के साथ महाराणा प्रताप को किया याद



महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष।

**सुमेरपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद ने महाप्रतापी हिंदू हृदय सम्राट परम शूरवीर महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई । क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह चंदेल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश सचिव जयकरण सिंह ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत कहा कि इस महान देश भक्त वीर प्रतापी का गुजरात में रुपाल, रविंद्र, भाटी, राज शेखावत, धनंजय सिंह पर क्षत्रिय समाज का अपमान करने पर आगामी चुनाव में सबक सिखाने का आह्वान किया। बुंदेलखंड प्रभारी शशि प्रताप सिंह, अशोक सिंह, अतुल सिंह, इंद्रजीत सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर रामस्वरूप, रामऔतार, अभय सिंह आदि रहे।


।। भव्य शुभारंभ ।।

इंडियनऑयल IndianOil

रंजना फिलिंग स्टेशन

इण्डियन ऑयल

रंजना फिलिंग स्टेशन उद्घाटन पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं

पताः पैलानी मार्ग, भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर

----- शुक्रवार, 10 मई 2024, प्रातः 09 बजे -----

अमित दुबे (टिंकू)

आयुष दुबे (रिंकू)

अरूण कुमार दुबे (पप्पू भैया)

मो0 9453027707


# नवीन गल्ला मंडी पहुंची ईवीएम और वीवीपैट

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** हमीरपुर लोकसभा में पांचवें चरण का चुनाव संपन्न कराने के लिए गुरुवार को ईवीएम वीवीपैट मुख्यालय से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नवीन गल्ला मंडी में लाकर सदर एवं राठ सुरक्षित विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूमों में रखी गई है। सुरक्षा के लिए मंडी में पीएसी बल तैनात किया गया है। इस मौके पर दोनों विधानसभा क्षेत्रों के एसडीएम के अलावा एडीएम मौजूद रहे।

गुरुवार को पांचवें चरण के लिए प्रशासन ने मुख्यालय से ईवीएम वीवीपैट को नवीन गल्ला मंडी पहुंचाया। हमीरपुर, महोबा, तिंदवारी लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान होना है। आगामी 19 मई को नवीन गल्ला मंडी से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम वीवीपैट देकर मतदान कराने के लिए रवाना किया जाएगा। मुख्यालय से लाई गई ईवीएम वीवीपैट को नवीन गल्ला मंडी में दोनों विधानसभा सीटों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूमों में रखवाया गया है। यहां से ही बूथवार मतदान कर्मियों को आवंटित की जाएगी। मतदान संपन्न कराने के बाद इनको यहीं पर लाकर जमा कराया जाएगा। इस मौके पर एडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार, एसडीएम राठ आदि मौजूद रहे। ईवीएम की सुरक्षा के लिए एक प्लाटून पीएसी तैनात की गई है।

### पुलिस बल ने गश्त कर कराया सुरक्षा का एहसास

**कुरारा।** शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा के निर्देशन में कुरारा निरीक्षक योगेश तिवारी, क्राइम निरीक्षक गुलाबचंद सोनकर ने पुलिस बल के साथ आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, मुख्य मार्ग, राष्ट्रीय मार्ग आदि स्थानों में पैदल गस्त/भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया । साथ ही जनता को मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने व अन्य यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने कहा कि जीवन बहुमूल्य है।

## एक नजर

### आरोपी गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद

बरगढ़ (चित्रकूट)। एसआई राजेश कुमार ने बाइकसवार अखिल कुमार उर्फ सचिन पुत्र उमेश चंद्र निवासी गडरा मजरा रेरा थाना घूरपुर (प्रयागराज) को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। बाइक को सीज कर दिया गया।

### एक वारंटी को दबोचा

मानिकपुर (चित्रकूट)। पुलिस ने एक वारंटी को पकड़ा। एसआई राजोल नागर ने आबकारी अधिनियम के वारंटी कामता पुत्र रामबालक निवासी इंद्रानगर को गिरफ्तार किया।

### दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब बरामद

चित्रकूट। बहिलपुरवा थाने के एसआई अनुभव वर्मा ने पप्पू पटेल पुत्र मतगंजन प्रसाद निवासी खांच मजरा रुकमा बुजुर्ग को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के एसआई राजीव सिंह ने रज्जू यादव पुत्र राजबहादुर निवासी कसहाई को 14 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा।

### जहरखुरानी करने के आरोपी को दबोचा

मानिकपुर (चित्रकूट)। जीआरपी ने रेलयात्रियों से जहरखुरानी व चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे आधा दर्जन चोरी के मोबाइल बरामद किए गए हैं। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक दिलीप मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर अपराधी अभिषेक साकेत उर्फ विशाल पुत्र विरेंद्र साकेत निवासी रानी तालाब रीवा (मप्र) को जंक्शन स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार से गिरफ्तार किया गया। इससे छह एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुए। बताया कि आरोपी के ऊपर मानिकपुर जीआरपी थाने में चार व रीवा कोतवाली में नौ मामले दर्ज है। अभी और रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

### आज मनाई जाएगी परशुराम जयंती

मौदहा (हमीरपुर)। ब्रह्म संस्कार एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र गौतम ने बताया कि 10 मई को पांडव गेस्ट हाउस में भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार की जयंती धूमधाम से पांडव गेस्ट हाउस में मनाई जाएगी। भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की तृतीया को हुआ था। इस दिन जन्म लेने के कारण उनकी शक्तियों का क्षरण नहीं हुआ और दुष्टों का संघार के लिए कई बार परशु उठाया। अक्षय तृतीया के दिन लोग श्रद्धा के साथ दान पुण्य करते हैं। जिसका कभी क्षय नहीं होता है।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी 42 वर्षीय चेतराम पुत्र बहादुर बाइक से राठ आ रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया। वहीं कस्बे के गुलाब नगर निवासी 26 वर्षीय शाहरुख पुत्र फिरोज, 35 वर्षीय भास्कर पुत्र रामसेवक, जरिया थाने के वीरा गांव निवासी 25 वर्षीय सत्यम पुत्र दुर्गा प्रसाद मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

### युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

राठ (हमीरपुर)। मझगवां थाने के गिरवर गांव में भैरव बाबा मंदिर के पास व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने अज्ञात शव को शिनाख्त के लिए सीएचसी के शवदाह गृह में रखवा दिया है। गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे मझगवां थाने के गिरवर गांव के पास भैरव बाबा मंदिर के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गांव के चौकीदार ने मझगवां पुलिस को सूचना दी। डॉग स्क्वायड टीम ने जांच की। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि अभी शिनाख्त नहीं हुई है। शव पांच दिन पुराना लग रहा है। शव को शिनाख्त के लिए शव गृह में रखवा दिया है। युवक की उम्र करीब 35 वर्ष लग रही है।

# दुकान में लगी आग से जल गए दस लाख रुपये के कपड़े

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, वाहन से हटाया गया ढेर, क्षतिपूर्ति के लिए दी गई रिपोर्ट



दुकान में आग लगने के बाद का दृश्य। अमृत विचार



जले कपड़ों को वाहन से ले जाना पड़ा। अमृत विचार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सराफा बाजार में एक दुकान में आग से लगभग दस लाख के कपड़े राख में तब्दील हो गए। जले कपड़ों का ढेर इतना ज्यादा था कि उसे नगर पंचायत के वाहन से ले जाया गया। लेखपाल ने मौका मुआयना कर प्रशासन को रिपोर्ट दी है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई गई है।

कस्बा निवासी संजय अग्रहरि ने बताया कि बुधवार को रोजाना की तरह वह पत्नी रीतू, पुत्र प्रांशू, क्रिश व पुत्री प्रांशी खाना खाने के बाद घर की दूसरी मंजिल में सो रहे थे। इसी दौरान दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। साड़ियां व रेडीमेड कपड़े आदि धूधू कर जलने लगे। जब कपड़े जलने की गंध दूसरे मंजिल तक पहुंची और पड़ोसियों ने आवाज लगाई तो उनकी नींद खुली। धुएं के गुबार की वजह से दुकान के बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। सभी लोग घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर बाहर निकले और पुलिस व दमकल को सूचना दी गई। काफी देर तक फ़ोन नहीं लगा और करीब एक घंटे बाद दमकल की गाड़ी व राजापुर पुलिस मौके पर पहुंची। शटर तोड़ते हुए दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पर तब तक लगभग 10 लाख रुपये कीमत के कपड़े राख के ढेर में तब्दील हो गए थे। कपड़ा व्यवसायी की दुकान पर आग लगने की खबर पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शंकरदयाल जायसवाल आदि ने ढांढस बंधाया। प्रशासन से राहत की मांग की। नायब तहसीलदार राजीव कुमार दुबे ने बताया कि क्षति का आकलन कराया गया है।

## मनचलों ने युवती के साथ आए मंगेतर को पीटा

मुस्करा (हमीरपुर)। मंगेतर के साथ मौदहा बांध घूमने आई युवती को वहां घूम रहे मनचलों ने अपशब्द कह दिये। वहीं विरोध करने पर मंगेतर के साथ मारपीट की। मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार इस तरह के किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। युवती ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मंगेतर के साथ हुई मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना चिकासी के एक गांव निवासी युवती ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने महोबा निवासी मंगेतर के साथ शाम पांच बजे मौदहा डैम घूमने आई थी। डैम में वह दोनों मोबाइल से रील वीडियो बना रहे थे। तभी वहां चार अज्ञात मनचले आ धमके और कटाक्ष करने लगे, जिसका उन्होंने विरोध किया तो चारों मनचलों ने उसके मंगेतर के साथ जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। घटना के बाद युवती अपने मंगेतर के साथ थाने पहुंची। उसने शिकायती पत्र दे कार्रवाई की गुहार लगाई। थाने के उपनिरीक्षक दीपक ने बताया कि चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।



पौधाशाला में मानक विहीन हो रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार

## विधायक की शिकायत के बाद भी हो रहा घटिया निर्माण

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

- एक साल से शाकभाजी प्रक्षेत्र में हो रहा मानक विहीन कार्य

**अमृत विचार।** गांव में शाकभाजी प्रक्षेत्र व राजकीय पौधशाला गांव में उद्यान विभाग संचालित कर रहा है। इन दोनों नर्सरियों में एक में दो करोड़ 31 लाख 22 हजार रुपये और दूसरे शाक भाजी प्रक्षेत्र नर्सरी में क़रीब तीन करोड़ रुपये से निर्माण कार्य स्वीकृत हैं। इन दोनों नर्सरियों में नाली, बाउंड्री वॉल, टीनशेड, इंटर लाकिंग, नलकूप पंप हाउस सहित अन्य निर्माण कार्य कराये जा रहा है। इधर मानक के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं होने का मामला पिछले कई महीनों से चल रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि दोनों नर्सरियों में क़रीब छह करोड़ रुपये शासन ने भेजा है। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में मनमानी कर आवंटित बजट का बंदरबांट किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि निर्माण कार्य पिछले 20 जून से शुरू है और 25 मई तक काम फाइनल करना है। लेकिन अभी तक कार्य अधूरा है। गांव निवासी अभय सचान, रामकुमार सचान, जगदीश, रामकुमार प्रजापति ने आरोप लगाया कि नर्सरी में जितना भी कार्य कराया गया वह सब घटिया है। इसमें जो बचा है उसमें भी मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पिछले वर्ष निर्माण कार्य शुरू होने पर निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जानकारी मिलते ही सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने शिकायत की थी।

## 15 दिन पूर्व कार की टक्कर से घायल युवक ने तोड़ा दम

राठ (हमीरपुर)। 15 दिन पहले चरखारी रोड पर देवर के साथ बाइक से घर लौट रही महिला की चार पहिया गाड़ी की टक्कर से मौत हो गई थी। देवर गंभीर रूप से घायल हो गया था। बुधवार की रात युवक ने भी झांसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

जनपद महोबा के चरखारी थाना अंतर्गत चंदौली गांव निवासी 55 वर्षीय पार्वती पत्नी जयसिंह 24 मार्च को मार्ग दुर्घटना में घायल पुत्र 28 वर्षीय धीरेन्द्र सिंह को देखने के पारिवारिक देवर 30 वर्षीय दीपू पुत्र विपिन सिंह के साथ बाइक से थीं। लौटते समय चरखारी रोड जगतराज स्कूल के पास चरखारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार से भिड़ंत हो गई। हादसे में पार्वती की मौत हो गई थी। जबकि दीपू घायल हो गया था। चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। उरई से झांसी रेफर कर दिया। बुधवार की रात करीब आठ बजे दीपू ने दम तोड़ दिया है। बताया कि पिता की 20 वर्ष पहले ही मौत हो गई थी। पति की मौत पर पत्नी नीतू का रो रोकर बुरा हाल है।

## अफीम की तस्करी में दोषी को पांच साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- अदालत ने 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार।** मादक पदार्थ की तस्करी के तीन साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन ने फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी को पांच साल की कैद व 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण भदौरिया ने बताया कि बिवांर थाना में तैनात उप निरीक्षक मधुरेश कुमार त्रिपाठी ने मामला दर्ज कर बताया था कि चार दिसंबर 2020 को वह व उप निरीक्षक दीपक कुमार, कांस्टेबल सुनील कुमार यादव, राजेश कुमार यादव के साथ सरकारी वाहन से रात करीब पौने एक बजे क्षेत्र में वांछित तलाश व शान्ति व्यवस्था में रवाना होकर कस्बा में तैनात थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक बाइक में नशीला पदार्थ लेकर मौदहा से बिवांर की तरफ आ रहे हैं। मुखबिर को साथ लेकर जैसे ही वह लोग मौदहा बिवांर पक्की सड़क पर दाता आश्रम के पास नहर पुलिया से करीब 900 मीटर पहले पहुंचे तो नहर पुलिया पर दो व्यक्ति खड़े दिखाई दिए। जिसमें एक व्यक्ति के हाथ में थैला था। जो कि जमीन पर खड़ा था और दूसरा व्यक्ति बाइक पर सवार था। जैसे ही वह लोग नजदीक पहुंचे कि बाइक सवार व्यक्ति बाइक स्टार्ट कर भाग निकला। दूसरा व्यक्ति जो खड़ा था उसे घेरकर पकड़ लिया गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम इंद्रपाल शर्मा निवासी मोहल्ला शुकलाना कस्बा बिवांर बताया। जमा तलाशी में उसके पास से एक किलो 400 ग्राम अफीम मिली। जिसने बताया कि जो व्यक्ति बाइक से भागा है। उसका नाम छोटे गुप्ता निवासी मोहल्ला बंगालीपुरा बांदा है। जो उसे अफीम लाकर देता है। बताया कि यह माल भी उसी ने लाकर दिया है। अदालत ने दोषी इन्द्रपाल शर्मा को पांच साल की सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप



दिव्य संदेश कार्यक्रम में प्रवचन करते देवेंद्र मोहन। अमृत विचार

### अंतरात्मा के अंधकार को गुरुकृपा से प्रकाशमय बनाएं : देवेंद्र

राजापुर (चित्रकूट)। तुलसीतीर्थ के केदारनाथ रामस्वरूप महाविद्यालय के पास दिव्य संदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें देवेंद्र मोहन भैयाजी ने गुरु तत्व तथा आत्मबोध का ज्ञान दिया। अंतरात्मा के अंधकार को सद्गुरु की कृपा से प्रकाशमय बनाने का संदेश दिया गया। इसमें कई जिलों के अनुयायी मौजूद रहे। कथावाचक देवेंद्र मोहन ने श्रद्धालुओं को बताया कि गुरुकृपा से परमात्मा का मिलन होता है। श्रीराम, श्रीकृष्ण भगवान होने के बाद भी गुरु के आश्रम में शिक्षा ग्रहण किया करते थे। कबीरदास ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा है, गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागौं पांय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय। गुरु तो वह होता है जिसमें स्वार्थ, लालच और मोह जैसे गुण नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि यह शरीर परमात्मा के भजन जप, तप तथा भक्ति करने के लिए मिला है लेकिन यह मायामोह में फंसकर सत्संग भी नहीं सुनना चाहता और शरीर व्यर्थ में गंवा देता है। यदि लोग सद्गुरु की शरण में पहुंच जाएं तो उनके अंतरात्मा का अंधकार सत्संग से दूर हो सकता है। इस अवसर पर गोविंद प्रसाद, चंद्रमा प्रकाश, राजकरन, राजकुमार, राजाराम, कामता प्रसाद, संतोष कुमार, राममिलन, मनीष कुमार, राजपाल, रविशंकर, लवकुश, दुर्गेश, लवकेश आदि श्रोता मौजूद रहे।



प्रशिक्षण का मुआयना करते डीएम, एसपी। अमृत विचार

### प्रशिक्षण के दौरान नशे में मिले मास्साब, होगी एफआईआर

चित्रकूट। चित्रकूट इंटर कालेज में चुनाव संबंधी प्रशिक्षण के दौरान एक शिक्षक को शराब के नशे में पाया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इसका स्वास्थ्य परीक्षण कराकर प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के गुरुवार को मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण का मुआयना किया। इस दौरान सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय देवकली के सहायक अध्यापक और प्रथम मतदान अधिकारी रामकेश शराब के नशे में पाए गए। डीएम ने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वे ठीक से प्रशिक्षण दें कि मतदान के दिन कोई समस्या न हो। 120 पोलिंग पार्टियों ने प्रथम व 120 पोलिंग पार्टियों ने द्वितीय पाली में प्रशिक्षण लिया। दोनों अधिकारियों ने पोस्टल बैलेट/ ईडीसी के माध्यम से मतदान बूथों का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम मोहम्मद जसीम, सतीश चंद्र, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, बीएसए लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।



विकास खंड जालौन के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग का निरीक्षण करते एडीओ पंचायत।

### पंचायत अधिकारी बोले, तीन दिन में व्यवस्था सुधारें

उरई (जालौन)। जालौन विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले कुठौंदा बुजुर्ग के समाजसेवी गजेन्द्र सिंह सेंगर की शिकायत पर एडीओ पंचायत अधिकारी ने गांव का निरीक्षण किया तथा जिन स्थानों की शिकायतें थीं उनको मौके पर देखा। प्रधान और सचिव को निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए। एडीओ पंचायत अधिकारी देवेंद्र सिंह ने कुठौंदा बुजुर्ग गांव के समाजसेवी की शिकायत के निस्तारण के लिये गांव का निरीक्षण किया, जिसमें सामुदायिक शौचालय तो बन कर तैयार था लेकिन उसमें पानी नहीं था। जो बोर था उसमें आज तक सबमर्सिबल पंप नहीं डाली गयी, जिससे पानी की समस्या बनी हुई है। एडीओ पंचायत अधिकारी ने ग्राम प्रधान से बोर में सबमर्सिबल पंप के बारे में पूछताछ की तो प्रधान ने बताया कि विद्युत कनेक्शन न होने के कारण समस्या थी। जल्द ही विद्युत कनेक्शन कराकर बोर में सबमर्सिबल पंप डालकर चालू करा दिया जायेगा। तालाब से नाला तक की सफाई तथा दो स्थानों पर नाली से गंदा पानी आम रास्ते पर बहने की शिकायत का तीन दिन में निस्तारण किये जाने का आदेश दिया। मौके पर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी कुठौंदा बुजुर्ग विकास खण्ड जालौन वरिष्ठ समाजसेवी गजेन्द्र सिंह सेंगर व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### दुकान आई किशोरी के साथ युवक ने की छेड़खानी

मौदहा (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी के मामले में कोतवाली पहुंच न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के विरुद्ध पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की है। क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री बीते दिन आरोपी युवक छिद्दू की दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। तभी अकेला देख पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर वहां काफी लोग पहुंच गए। घटना से आहत पीड़ित के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## बाल विवाह समाज के लिए कलंक, रोका जाए : देवेंद्र गांधी

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- बाल विवाह रोकथाम जागरुकता अभियान का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** कस्बे में बाल कल्याण समिति एवं समर्थ फाउंडेशन ने राजकीय इंटर कॉलेज में बाल विवाह रोकथाम जागरुकता अभियान का आयोजन किया।

बाल कल्याण समिति के सदस्य सनद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह जागरुकता अभियान बाल विवाह की रोकथाम के लिए संचालित किया जा रहा है। बाल विवाह समाज के लिए कलंक और कानूनी अपराध है। समिति अध्यक्ष विभा भारती ने कहा कोई भी बाल विवाह न करें और यदि आसपास जानकारी में कहीं भी बाल विवाह हो रहा है तो वह तत्काल इसकी सूचना दें। सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र व्यवस्थापक मोनिका गुप्ता ने कार्यक्रमों की जानकारी दी।





कार्यक्रम को संबोधित करतीं बाल संरक्षण अधिकारी दीप्ति अग्निहोत्री। अमृत विचार

कहा हिंसा से पीड़ित महिला 181 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराए। लड़कियों को साइबर क्राइम से भी बचना है। बाल संरक्षण अधिकारी दीप्ति अग्निहोत्री ने कहा कि कोविड के बाद दो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित हुई हैं। जिसमें कोविड के कारण अनाथ हुए बच्चों को 4000 रुपये प्रतिमाह सहायता देय है। ऐसे बच्चे जिनके कोविड काल से लेकर अब तक अपने माता-पिता दोनों में से किसी एक की या दोनों की मृत्यु हो चुकी है उन्हें कोविड बाल सेवा योजना के तहत ढाई हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा। जिला विधि परिवीक्षा अधिकारी जया बाजपेयी ने कहा कि लड़कियां डरे नहीं, घबराए नहीं। हर समय उनकी मदद की जाएगी। समर्थ फाउंडेशन के देवेंद्र गांधी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटा समझाओ के साथ बाल विवाह रोकथाम के लिए सभी स्तरों पर प्रयास हो। जीआईसी के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने आभार व्यक्त किया । राघवेंद्र, शिव विजय सिंह, अजय कुमार, साक्षी, प्रतिभा, सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**सियासत** | मोदी-योगी सरकारों की उपलब्धियों का किया बखान, ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं

# राजा बुंदेला बोले, विपक्षी सांसद चुनने से क्या फायदा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- फिल्म अभिनेता से नेता बने बुंदेला ने लगाई चौपाल

**अमृत विचार।** फिल्म अभिनेता से नेता बने और लंबे समय से बुंदेलखंड राज्य के लिए संघर्षरत रहे राजा बुंदेला ने गुरुवार को कर्वी माफ़ी गांव में चौपाल लगाई। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कहा, विपक्षी सांसद चुनने से क्या फायदा? विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए भाजपा को विजयी बनाएं।

गौरतलब है कि यूपी-एमपी में बुंदेलखंड की सभी आठ लोकसभा सीटों पर राजा बुंदेला इस समय भाजपा के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। गुरुवार को बुंदेला ने कर्वी माफ़ी में चौपाल लगाई और मोदी-योगी सरकारों की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। अशोक पटेल, विष्णु प्रताप सिंह, सुनील पटेल आदि ने भी अपनी बातें कहीं। राजा बुंदेला ने कहा कि विपक्ष के सांसद को जिताने का मतलब है कि विकास की मुख्यधारा से खुद को अलग करना। केंद्र में तीसरी बार मोदी की सरकार बनेगी। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी को जिताएं कि विकास की मुख्यधारा से जुड़े रहें। धर्म और आस्था की बात करते हुए उन्होंने कहा कि राममंदिर बनने के बाद प्रभु श्री राम की कर्मभूमि का पूरा वोट मोदी को ही मिलना चाहिए। चौपाल में प्रधान बद्री सिंह पटेल, बजरंग दल के अंकित प्रताप सिंह, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, राजेश पांडेय, लाला श्रीवास्तव, श्रीकेशन सिंह आदि मौजूद रहे। राजा बुंदेला ने कामतानाथ मंदिर के मदनदास, मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर के पुजारी विपिन बिहारी और मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास से भेंट की। उनके साथ बुंदेली सेना के प्रभारी डा. आश्रय सिंह भी मौजूद रहे।



गांव में चौपाल लगाकर लोगों से बात करते राजा बुंदेला। अमृत विचार

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

राजापुर (चित्रकूट)। सरधुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदी में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या की वजह गृह कलह एवं घरेलू हिंसा बताई जा रही है। उसकी एक साल पहले ही शादी हुई थी। पुलिस जांच कर रही है।

चांदी निवासी राममूरत की पत्नी शोभा देवी उर्फ ऊषा (23) गुरुवार सुबह लगभग चार बजे कमरा बंद कर पंखे में साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। उसकी शादी पिछले वर्ष ग्राम हुई थी। प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया गृह कलह और घरेलू हिंसा से पीड़ित होकर खुदकुशी का मामला सामने आया है। इसका मायका ग्राम पंचायत सुरवल का मजरा किशोर का पुरवा है। बताया कि अभी तक मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# कलश विसर्जन शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सिद्ध आश्रम खोहरा बाबा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन के पश्चात यमुना नदी से लाए गए पवित्र जल को पुनः यमुना में विसर्जित कर दिया गया। इसके पूर्व प्रभास्कर दत्त द्विवेदी, राकेश द्विवेदी व दिवाकर द्विवेदी की अगुवाई में कलश विसर्जन शोभायात्रा निकली, जो प्रमुख मार्गों से तुलसी घाट पहुंची।

गुरुवार को कथास्थल से निकली कलश विसर्जन शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। पटाखों की गूंज, अबीर की बौछार व डीजे धुन के साथ श्रद्धालु नाचते गाते और भक्तिभाव में डूबे तुलसी घाट के यमुना तट पहुंचे। आचार्य अनंतराम पांडेय ने बताया कि कथा अनुष्ठान के समय कालिंदी नदी से महिलाएं कलश में जल लेकर पांडाल में रखती हैं। यहां वरुण देवता का आवाह्न करते हुए स्थापित किया जाता है। अनुष्ठान के अंत में वरुणस्वरूप जल को पुनः कालिंदी में विसर्जित करने की परंपरा चली आ रही है और विसर्जन के बाद अनुष्ठान के कार्यक्रम का अंत हो जाता है। इसमें मातृशक्ति स्वरूपा महिलाओं की अहम भूमिका होती है। इसीलिए शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाती है और विसर्जन के समय भी यमुना की पूजा अर्चना यजमान से कराई जाती है। यजमान प्रभास्कर दत्त द्विवेदी ने पत्नी सुधा द्विवेदी के द्वारा वेद मंत्रों के माध्यम से पूजा अर्चना की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने शोभायात्रा में श्रद्धालुओं को फल भेंट किए।



कलश विसर्जन शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

- यमुना के जल को फिर वहीं विसर्जित किया गया

# प्रत्याशियों का तलब किया गया चुनाव खर्च

## 13 मई को देने होंगे सम्पूर्ण खर्च के वाउचर, मतदान से पहले तीन बार होना है व्यय का लेखा मिलान

कार्यालय संवाददाता उरई


जिला पंचायत सभागार उरई में बैठक करते व्यय प्रेक्षक विवेकानंद। अमृत विचार

- जिला पंचायत सभागार उरई में हुई बैठक
- चुनाव में 95 लाख रुपये खर्च कर सकता है प्रत्याशी

**अमृत विचार।** जालौन- गरौठा-भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र-45 में लोकसभा चुनाव-2024 के उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय का प्रथम लेखा मिलान गुरुवार को किया गया। जिला पंचायत सभागार उरई में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक विवेकानन्द की उपस्थिति में निर्वाचन व्यय की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक प्रत्याशी को मतदान की तिथि के पूर्व तक अपने निर्वाचन व्यय का तीन बार लेखा मिलान करवाना आवश्यक है।

इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उम्मीदवारों के लेखा मिलान के लिये 9 मई, 13 मई और 17 मई 2024 की तिथियां निर्धारित की गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जालौन गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का लेखा मिलान पहली बार किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित की गई है। प्रत्येक प्रत्याशी को इसी सीमा के अन्दर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न मदों पर प्रचार सम्बन्धी निर्वाचन व्यय करना है। मिलान के समय उम्मीदवारों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार निर्वाचन व्यय किये जाने सम्बन्धी जानकारी भी दी गयी।

तथा उम्मीदवारों द्वारा इस सम्बन्ध में की गयी जिज्ञासाओं का समाधान वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज उरई, नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण आबिद अली अंसारी द्वारा किया गया। प्रत्येक उम्मीदवार को द्वितीय लेखा मिलान की तिथि 13 मई 2024 तक सम्पूर्ण व्यय वाउचर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, पाँचो विधानसभाओं के सहायक व्यय प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक के लाइजनिंग आफीसर डा. मुनीश कुमार गंगवार, सहायक निदेशक मत्स्य, अरूण राज खरे लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा, होरीलाल पटेल वित्तीय परामर्शदाता, राजवीर सिंह सहायक कोषाधिकारी तथा लेखा टीम के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### ईवीएम, वीवीपैट की कमीशनिंग का कार्य 10 मई को



उरई। 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में प्रयोग होने वाली ईवीएम तथा वीवी पैट मशीनों की कमीशनिग का कार्य 10 मई, 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से विशिष्ट नवीन मण्डी स्थल, कालपी रोड, उरई में किया जाएगा। इसमें बीईएल के इंजीनियर्स द्वारा तकनीकी जानकारी दी जाएगी। यदि कोई कार्मिक निर्वाचन अभिकर्ता के स्थान पर अन्य कोई प्रतिनिधि भेजना चाहते है, तो उसका पूर्ण विवरण आधार कार्ड व 2 फोटो सहित जिला निर्वाचन कार्यालय, जालौन को उपलब्ध कराएं ताकि ससमय उनके पास निर्गत किए जा सकें।

# मतदान कार्मिकों को दिया द्वितीय प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता उरई

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में दिया गया प्रशिक्षण
- निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने दिए टिप्स

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये 600 मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण राजकीय मेडिकल कॉलेज के थियेटर लैब में सम्पन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान मतदान ड्यूटी में लगाए गए कार्मिकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि पीठासीन अधिकारी व प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान कार्मिक निर्वाचन सकुशल कराने के लिये भलीभांति प्रशिक्षण लें, जिससे त्रुटिरहित चुनाव सम्पन्न किया जा सके। उन्होने कहा कि निर्वाचन विधि एवं प्रक्रिया में समय-समय पर संशोधन होते रहते है, पूर्व निर्वाचन में यदि आप द्वारा कार्य किया गया है तब भी यह आवश्यक है कि मजूदा चुनाव प्रक्रिया को भली भांति समझ लें। आप लोग सभी निर्देश पुस्तिका एवं समस्त प्रपत्रों द्वारा प्राप्त कर लें, ताकि मतदान के दिन आप स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवा सकें। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान महत्वपूर्ण निर्देशों को अपनी डायरी में नोट कर लें तथा अपनी शंका का समाधान अवश्य कर लें। कहा कि पोलिंग पार्टी रवाना होने के दिन सामग्री काउण्टर से आपको निर्वाचन से संबंधित सामग्री और सूची मिलेगी, उस सूची से सामग्री का मिलान कर सुनिश्चित कर लें कि सभी सामग्री निर्धारित मात्रा में प्राप्त हो गयी है यदि कोई सामग्री नहीं है या कम मात्रा में है तो संबंधित काउण्टर से सम्पर्क कर उसे प्राप्त करने के बाद ही निर्धारित वाहन से अपने गन्तव्य बूथ पर रवाना हों। उन्होने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का मतदान एम 3 माडल इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के साथ वीवीपैट से कराये जायेगे, वीवीपैट एम 3 माडल लगाने का उद्देश्य यह है कि मतदाता ने जिसे वोट दिया है वह इसके माध्यम से एक पर्ची जो प्रिन्ट होती है उसे एक पारदर्शी स्क्रीन पर देखकर सन्तुष्ट हो सके कि उसका वोट उसके प्रत्याशी को ही गया है, वीवीपैट में यह पर्ची 7 सेकेण्ड दिखायी देने के बाद वोटर स्लिप कम्पार्टमेंट में कट कर गिर जाती हैं।

### चूक न होने पाए

उन्होने कहा कि मतदान अभिकर्ताओं का 15 मिनट इन्तजार किया जायेगा, पोलिंग ऐजेन्ट के न होने पर मतदान कर्मी यदि सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित है तो वह भी मॉकपाल की प्रक्रिया में भाग लेंगे। मॉकपाल में कम से कम 50 वोट डाले जायेगे साथ ही नोटा सहित सभी प्रत्याशियों को वोट डाला जायेगा। उन्होने कहा कि मॉकपाल होने के बाद क्लोज-रिजल्ट-क्लियर (सीआरसी) करना न भूलें। आपकी ओर से किसी भी चूक को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अति गम्भीरता से लिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी प्रशिक्षु आरती साहु, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर संजीव कुमार व राघवेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 'भाजपा ने शिक्षा के क्षेत्र में खूब काम किए'

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)


सम्मेलन में शिक्षक एमएलसी बाबूलाल तिवारी का स्वागत करते भाजपा नेता।

**अमृत विचार।** गुरुवार भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा जालौन गरौठा भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र में मणीन्द्रालय गेस्ट हाउस उरई में प्रबंधक, प्रधानाचार्य शिक्षक सम्मेलन किया। इसमें मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी बाबूलाल तिवारी रहे। कार्यक्रम में जनपद के इण्टर कॉलेज से लेकर डिग्री कॉलेज तक प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों कार्य किए हैं विद्यालय में कायाकल्प एवं डीबीटी के माध्यम से सीधे अभिभावक के खाते में धनराशि पहुंचाने का कार्य किया है। तिवारी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रलय और निर्माण शिक्षक की गोद में पलता है इसलिए मैं शिक्षक बंधुओं से आह्वान करता हूं कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व के अवसर पर अपनी सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रहित में अपना सहयोग प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री के 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से क्लस्टर प्रभारी संत विलास शिवहरे, जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, लोकसभा प्रभारी मदन पांडेय, लोकसभा संयोजक श्याम सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जेडीसी अध्यक्ष बृजभूषण सिंह मुन्नू, लोकसभा मीडिया प्रभारी अशोक राठौर, मनोज यादव, शिक्षाविद श्रवण कुमार द्विवेदी, बच्चू महाराज, कार्यक्रम के संयोजक आशीष मिश्रा, अंगद सिंह तोमर, विनोद अहिरवार, देवेन्द्र कुलश्रेष्ठ, दीपक पांडेय, डा. नवाब सिंह जादौन आदि प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। मंच का संचालन मयंक त्रिपाठी एवं अग्निवेश चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किया।

# जानलेवा हमले के दोषी को दस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- भोगनीपुर क्षेत्र में नौ साल पहले शादी समारोह में हुई थी घटना

**अमृत विचार।** भोगनीपुर क्षेत्र में करीब नौ साल पहले शादी समारोह में मामूली विवाद पर लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चलाकर पारिवारिक सदस्य को घायल करने के मामले में अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया है। अपर जिला जज चतुर्थ की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए दस साल कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि जालौन जनपद के कालपी क्षेत्र के मिर्जा मंडी निवासी रमेश चंद्र ने भोगनीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 3 मई 2015 की रात वह अपने परिचित की शादी समारोह में शामिल होने बेटालाल सेवाश्रम गया था। समारोह में उसके परिवारिक कालपी क्षेत्र के मिर्जा मंडी निवासी सरमन उर्फ गुड्डू भी अपने साथियों के साथ रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पहुंचा। वहां आते ही उसने गालियां देना शुरू कर दिया।

पीड़ित रमेश चंद्र ने गालियों का विरोध किया तो सरमन उर्फ गुड्डू ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चला दी, जिससे रमेश चंद्र के चेहरे और गर्दन में गोलियां लगीं और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। जब होश आया तो वह पुखरायां अस्पताल में था। वहां से उसे गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी सरमन उर्फ गुड्डू के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कालपी(जालौन)।** बीते साल जयपुर से चुराई गई मोटर साइकिल के साथ आरोपी को कालपी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी को सुसंगत धारा में मामला दर्ज करके जेल भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, उपनिरीक्षक राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मंगरौल रोड में भ्रमणशील थे। इस दौरान मुखबिर ने चोरी की मोटरसाइकिल व शातिर चोर की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। संदिग्ध हालत में चोरी की बाइक से गुजरते हुए आरोपी आकाश चौधरी पुत्र परशुराम ग्राम छानी जालौन को गिरफ्तार कर बाइक कब्जे में ली है। प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है।

## सार-संक्षेप

### अधिशासी अधिकारी ने किया निरीक्षण


निरीक्षण करते अधिशासी अधिकारी।

**कालपी(जालौन)।** पेयजल, बिजली, सफाई, राजस्व वसूली आदि शासकीय कार्यों की हकीकत को परखने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने कार्यालय के सभी पटलों का घूम-घूमकर औचक निरीक्षण किया तथा कमियां मिलने पर संबंधित कर्मचारियों को सुधार लाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने पालिका भवन के राजस्व निरीक्षक कक्ष में टैक्स असिसमेंट रजिस्टर, प्रतिदिन प्राप्त होने वाले राजस्व अभिलेखों का निरीक्षण किया एवं प्रतिदिन की राजस्व वसूली के बारे में अगवत कराने के लिए राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह को निर्देश दिए। गौशाला के अभिलेखों (भूसा, हरा चारा) कैश पंजिका, लेखा पंजिका, सुपुर्दीकरण पंजिका का निरीक्षक किया। जिसमें कुछ अभिलेखों में विभागाध्यक्ष के प्रमाणिकता नही पाई गई। ईओ ने खामियां दूर करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान पेयजल एवं सफाई सम्बंधित पटल निरीक्षण के दौरान लॉग बुक के विभागीय कर्मचारी शिशुपाल सिंह यादव के द्वारा प्रस्तुत की गई। निर्माण लिपिक सरफराज खान को निविदा सम्बन्धी पत्रावली को दुरुस्त रखने की हिदायत दी। एकाउंटेंट कक्ष तथा अभिलेख कक्ष का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एकाउंटेंट हरभूषण सिंह चौहान, रमेश सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहें।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आधा दर्जन दुकानदारों को थमाए नोटिस


दुकान में जांच करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

**कालपी(जालौन)।** मिलावटी एवं अमिश्रित खाद्य वस्तुओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार शंखवार ने टीम के साथ कालपी नगर तथा न्यामतपुर बाजार में स्थित किराना एवं कोल्डड्रिंक की दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया, । इस दौरान आधा दर्जन दुकानदारों को खामियां पाए जाने पर नोटिस भी दिए गए। भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध खाद्य सामग्री दुकानों में उपलब्धता करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारीअनिल कुमार शंखवार ने कालपी तहसील के न्यामतपुर बाजार में दुकानों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग अभियान चलाया। न्यामतपुर बाजार के तीन बड़े लाइसेंसधारकों के लाइसेंस की जी टैकिंग की गई। किराना एवं कोल्डड्रिंक की दुकानों में चैकिंग करके परिसर में स्वच्छता बनाये रखने की हिदायत दी। इसी प्रकार कालपी बाजार में खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा घूम-घूमकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने दुकानों में लाइसेंस चेक किये तथा परिसर में साफ सफाई तथा खाद्य सामग्रियों की एक्सपायरी डेट को देखा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान आधा दर्जन दुकानदारों को नोटिस भी दिए गए।

# वृद्ध ने कुल्हाड़ी से किया युवक पर हमला, घायल

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** पुरानी रंजिश के चलते एक वृद्ध ने युवक पर कुल्हाड़ी से समलाकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के पड़री गांव में छोटू पटेल पुत्र जगदीश पटेल 36 वर्ष दुकान में बैठा था तभी गांव के ही रहने वाले 60 वर्षीय मत्था उर्फ मथुरा प्रसाद वर्मा पुत्र कलकाई ने युवक छोटू पटेल पर ताबड़ तोड़ कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल युवक के चिल्लाने पर परिजनों ने दौड़ कर हमलावर मत्था वर्मा को पकड़ा तब युवक की जान बची। कुल्हाड़ी कुएं में फेंक कर वृद्ध फरार हो गया। परिजनों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज कानपुर रेफर कर दिया है। कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ब्रह्म प्रकाश तिवारी ने बताया कि एक साल पहले गांव के एक शादी समारोह में किसी बात को लेकर घायल युवक छोटू पटेल और हमला करने वाले मथुरा प्रसाद वर्मा के बीच झगड़ा हो गया था, जिसमें छोटू पटेल ने वृद्ध मथुरा प्रसाद वर्मा के साथ मारपीट कर दी थी। इसी को लेकर मथुरा प्रसाद छोटू पटेल से रंजिश रखता था। उसी रंजिश को लेकर मथुरा प्रसाद ने प्राणघातक हमला किया।

# थैलेसीमिया के प्रति लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता उरई



मेडिकल कॉलेज में लोगों को थैलेसीमिया के प्रति जागरूक करते चिकित्सा कर्मी।

**अमृत विचार।** भारतीय बाल रोग अकादमी की जालौन शाखा एवं मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में बाल रोग विभाग में गुरुवार को विश्व थैलेसीमिया जागरुकता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ राजेश मौर्य रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ जी एस चौधरी ने किया। कार्यक्रम में छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एमबीबीएस फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर, लोगों को थैलेसीमिया के प्रति जागरूक किया।

प्रधानाचार्य डा आर के मौर्य ने बताया की थैलेसीमिया से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा और सबसे प्रभावी उपाय हैं हमें इसे जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलती है, छात्रों द्वारा ओपीडी ब्लॉक में प्रतियोगिता आयोजित कर उपस्थित लोगों को आकर्षित करते हुए जागरूक किया, आयोजकों ने छात्र छात्राओं के इस प्रयास को सराहा, कार्यक्रम में भारतीय बाल रोग अकादमी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रवक्ता डॉ जी एस चौधरी ने लोगों को बताया कि थैलेसीमिया लाल रक्त कणिकाओं का, एक जेनेटिक बीमारी है। आज के आधुनिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से इसे न केवल पूरी तरह ठीक किया जा सकता है बल्कि इसे होने से रोका भी जा सकता है। भारतीय बाल रोग अकादमी शाखा की सचिव डॉ छवि जायसवाल ने बताया की सभी लोगों को थैलेसीमिया की स्क्रीनिंग करनी चाहिए जो इस रोग से बचने में विशेष मदद करता है।इस कार्यक्रम में राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन के चिकित्सा शिक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशांत निरंजन, आईएपी जालौन के सदस्य एवं बाल रोग विभाग के चिकित्सा शिक्षक डॉ दीपक सिंह डॉ आलोक तिवारी, डॉ दिव्या पिपरिया, सीनियर एवं जूनियर रेजिडेंट, स्टाफ मेंबर्स एवं एमबीबीएस फाइनल ईयर के छात्र-छात्राएं शामित हुए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिद्धिमा सिंह नेगी (RIDDHIMA SINGH NEGI) को रिद्धिमा नेगी (RIDHIMA NEGI) पढ़ा जाए। – **रिद्धिमा नेगी पुत्री स्व0 मानवेन्द्र सिंह नेगी निवासी–एल 1–70 सेक्टर एफ , एलडीए कालोनी,बक्शी का तालाब, लखनऊ** 226012

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रुपरानी पत्नी प्रेमनाथ प्रिन्ट हो गया है। जबकि मेरा सही नाम **प्रेमवती पत्नी प्रेमनाथ, निवासी–ग्राम– बेसिया वैन पैड़ी अजब सिंह, पी एन सिंह जिला गोण्डा** है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMED MOOSA SIDDIQUI था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD MUSA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये MOHAMMAD MUSA S/O: MOHAMMAD TALHA,84/95, KATRA MAQBOOL GANJ, R-G-V- ROAD,SUNDER BAGH, LUCKNOW UTTAR PRADES-226018

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम – SHAMS TABREZ था से बदलकर– SHAMS TABREZ SHEIKH रख लिया है। अब मुझे SHAMS TABREZ SHEIKH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o ALIMULLAH Address T-F- 11, AAROHI ARCADE MUNSHI PULIA INDIRA NAGAR LUCKNOW -226016

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र रोल नंबर 122366095 वर्ष 2021/22 वास्तव में खो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला है। **–अंकित कुमार पुत्र छैल बिहारी चौखड़िया निवासी–ग्राम पंचायत नेठिया, थाना विशेश्वरगंज, बहराइच–2021–202**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या P/IND/J2694104 में दीपू गुप्ता पुत्र ननकन प्रसाद गुप्ता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 401073746947 तथा पैन कार्ड नंबर BXBPKL6114L में दीपू कुमार पुत्र ननकन नाम अंकित है। आज से अब **दीपू कुमार पुत्र ननकन निवासी ग्राम पुरानी बाजार परगना तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर** से जाना व पहचाना जाए।



अतिक्रमण कर खोली गई दुकान।

# नगर पालिका के फुटपाथ पर अतिक्रमण !

**उरई।** शहर के आम्बेडकर चौराहा के पास आम जनता को निकलने के लिये नगर पालिका परिषद उरई ने लाखों रुपये की लागत से फुटपाथ का निर्माण करवाया था। जिस पर दबंगों ने टट्टर लगाकर बियर की दुकान खोलकर कब्जा कर लिया।

बियर के ठेकेदार द्वारा सार्वजनिक फुटपाथ पर अवैध कब्जा कर लेने की वजह से आम राहगीरों का फुटपाथ से निकलना दूभर हो गया है। इसके बाद भी प्रशासन एवं पालिका के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे।

लोस चुनाव

टीम 20 ने रोमई व खेड़ा में भी चलाया जागरुकता अभियान, लोगों को बताया वोट का महत्व

# शिक्षकों ने निकाली रैली, मतदान का किया आह्वान

संवाददाता, कुठौंद


मतदान जागरुकता रैली निकालते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम सिरसाकलार में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। इसमें बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश, ज़िला समन्वयक विश्वनाथ प्रताप दुबे, कुठौंद ब्लॉक की टीम अजय पांडेय, गौतम त्रिपाठी, दीपक वर्मा, संजय निरंजन, तेजबहादुर, गौतम त्रिपाठी, प्रदीप राजावत, मोहित गुप्ता, विवेक सोनी, राजेन्द्र सिंह, इंद्रपाल, रेखा वर्मा, मधु मिश्रा, सुरेश बौद्ध, प्रीति वर्मा, धर्मेन्द्र, विनोद कुमार, अजय कुमार ,अवनीश, ज्ञानेंद्र सिंह, अमित मिश्रा, ब्रजेन्द्र पाठक आदि शामिल रहे।

ग्राम बिजबाहा में मतदाता जागरुकता अभियान की रैली टीम 20 के साथियों के साथ निकाली गई। सेल्फी पॉइन्ट से मतदाताओं की सेल्फी और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। घर- घर मतदान जागरुकता से संबंधित स्टीकर वितरण किए गए। साथ में अक्षय कुमार, देव, सचिन, रमेश चन्द्र, रवि श्रीवास्तव, महेंद्र प्रताप सिंह, कुशल कुमारी ,रजनी देवी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

टीम 20 का मतदाता जागरूकता अभियान रोमई , खेड़ा में भी जारी रहा। ग्राम के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान टीम में शामिल लोगों ने उनके घर पर पहुंच कर माल्यार्पण करके किया। सम्पूर्ण ग्राम में रैली निकाली गई। घरों में स्वीप अभियान के स्टीकर लगवाए गए।

आज के अभियान में संजय निरंजन, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, देव सचिन, रमेश चंद्र, प्रवीण पाठक, शशिवेंद्र सिंह, प्रखर, मोहित, विपुल मिश्रा, सतेंद्र सिंह, जीवन त्रिपाठी, कृष्ण मुरारी पांडेय, अनिल परिहार, गौरव अग्निहोत्री, ज्योति त्रिपाठी, कुसुम मिश्रा, अजय पांडेय शामिल रहे।

### समूह एवं बैंक सखी ने निकाली रैली

माधौगढ़ जालौन। गुरुवार को माधौगढ़ खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा ने समूह सखी, बैंक सखी एवं विकासखंड माधौगढ़ के समस्त स्टाफ के साथ मतदाता मतदान जागरुकता रैली निकाली। रैली के दौरान खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा ने क्षेत्र की गांव गली में माताओं बहिनों,बुजुर्गों , युवाओं को बताया की चुनाव के द्वारा ही लोकतंत्र का निर्माण होता है देश के निवासी चुनावो के माध्यम से देश का भविष्य तय करते हैं, मतदाताओं के इसी महत्व को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता मतदान अधिकार का एक मौलिक अधिकार है यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधिओ का चुनाव करते हैं इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मत अधिकार का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें मतदान के माध्यम से हम समझ में बदलाव ला सकते हैं हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में समाज का विकास हो हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में महिलाओं बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और समाज में बदलाव लाएं "राष्ट्रहित के लिए, अपने क्षेत्र के होने वाले लोक सभा चुनाव 20 मई को आप सभी मतदाता का एक-एक वोट देशहित के लिऐ बहुत ही मूल्यवान है, इसलिए पहिले मतदान फिर जलपान प्रत्येक मतदाता मतदान (वोट) अपने – अपने बूथ पर जाकर अवश्य करे ! मतदाता जागरूक रैली में , माधौगढ़ खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा, मैनेजर मुकेश कुमार, संतोष कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर गौरव सक्सेना, ग्राम विकास अधिकारी शिवसागर अवस्थी, हेमंत वर्मा, पवन तिवारी, अनिल सेंगर एवं समूह सखी रेखा देवी, सुषमा देवी, शशि देवी, छाया देवी, तथा बैंक सखी दीपिका, दीप्ति, रमाबाई, कंचन, राजकुमारी, रेखा, रेनू आदि मौजूद थे।

